www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 91.900g

चांदी 91.500 kg




2 सुधार की प्रतीक्षा कर रहे हैं वक्फ बोर्ड, कुप्रबंधन और पारदर्शिता की कमी की वजह से पिछड़ गया

दहेज में बाइक और 2 लाख की मांग 04

वर्ष :08 | अंक :282 | मुंबई ,शुक्रवार ,04 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे में दूसरी बार पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन, एलओसी पर 20 मिनट तक चली गोलियां

पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जो तीन दिनों में इस तरह की दूसरी घटना है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलीबारी का भारतीय सेना ने कड़ा जवाब दिया। यह तीन दिनों में पाकिस्तान द्वारा किया गया दूसरा संघर्ष विराम उल्लंघन है। मंगलवार को, पाकिस्तान ने पुंछ में नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद एक और संघर्ष विराम उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने कथित तौर पर उन्हें कवर फायर प्रदान करते हुए सीमा पार घुसपैठियों को धकेलने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने तेजी से जवाब दिया, जिससे खतरा खत्म हो गया। सूत्रों से पता चला है कि गोलीबारी का उद्देश्य भारतीय क्षेत्र में घुसपैठियों को घुसाना था। खुफिया जानकारी से पता चला है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए एलओसी के पार आतंकवादी बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) भेजने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, भारतीय सैनिकों की सतर्कता ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

### उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में धारदार हथियार से किशोर पर हमला

सुलतानपुर शहर के पंचोपीरन इलाके में 17 वर्षीय एक छात्र पर चार से पांच लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब 11 बजे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की है जब दुबेपुर गांव का निवासी अभिषेक वर्मा घर लौट रहा था तभी चार-पांच लोगों ने उसे रोक लिया। उसने बताया कि उन लोगों ने वर्मा के साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि बचने की कोशिश करने पर आरोपियों ने छात्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने छात्र के गुप्तांग और शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से प्रहार किए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने बताया कि छात्र को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है और मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश

## कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी नोंकझोंक, नासिर हुसैन बोले- देश में दंगे फसाद कराने की कोशिश

**वक्फ संशोधन विधेयक**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज की तारीख में 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि आज इन संपत्तियों से कितनी आय हो रही होगी।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद इसे राज्यसभा में चर्चा के लिए पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अपराह्न लगभग एक बजे उच्च सदन में वक्फ संशोधन बिल को विचार और पारित कराने के लिए पेश किया और कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर पहले सरकार और फिर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने विभिन्न पक्षों से व्यापक विचार विमर्श किया और इसके जरिये वक्फ बोर्ड को समावेशी बनाया गया है।

रीजीजू ने उच्च सदन में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक को चर्चा एवं पारित करने के लिए रखने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 2006 में 4.9 लाख वक्फ संपत्ति देश में थीं और इनसे कुल आय मात्र 163 करोड़ रुपये की हुई, वहीं 2013 में बदलाव करने के बाद भी आय महज तीन करोड़ रुपये बढ़ी। उन्होंने कहा कि आज देश में कुल 8.72 लाख वक्फ संपत्ति हैं। उन्होंने कहा कि विधेयक में वक्फ संपत्ति को संभालने वाले मुतवल्ली, उसके प्रशासन और उस पर निगरानी का एक प्रावधान है।

रीजीजू ने कहा, किसी भी तरीके से वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति का प्रबंधन नहीं करता और उसमें हस्तक्षेप नहीं करता। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने 2013 में इस कानून में संशोधन के लिए लाये गये विधेयक पर बनी जेपीसी और वर्तमान जेपीसी के कामकाज की तुलना करते हुए कहा कि उसकी तुलना में नयी समिति के सदस्यों की संख्या, बैठकों की संख्या, विचार विमर्श करने वाले राज्यों की संख्या बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के जरिये वक्फ मामलों में मुसलमानों के अलावा किसी अन्य का हस्तक्षेप नहीं होगा और इस बारे में जो भी भ्रांतियां फैलायी जा रही हैं।



### जेपी नड्डा ने गिनाई वक्फ (संशोधन) विधेयक की खूबियां, बोले- हम लिप सर्विस नहीं, रियल सर्विस करते हैं

राज्यसभा के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक का बचाव करते हुए कहा कि यह देश के हित में है। उन्होंने कहा कि विपक्ष वक्फ विधेयक को बुलडोज करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मैं इस विधेयक के समर्थन में खड़ा हूँ और मुझे उम्मीद है कि सदन भी इसका समर्थन करेगा। मुझे उम्मीद है कि उम्मीद (एकीकृत वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास) का समर्थन होगा। इस विधेयक का मूल उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में सुधार और उचित प्रबंधन लाना है। इस पर बहुत चर्चा हुई है नड्डा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा लाए गए इस वक्फ विधेयक को ध्वस्त करने के लिए शोर मचाया जा रहा है। एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में, मैं इस शोर को रोकता हूँ और इस नैरेटिव का विरोध करता हूँ। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में कहा जाता है कि जब आपके पास तर्क होते हैं, तो आप तर्कपूर्ण होते हैं और उसी के अनुसार बोलते हैं



### प्रैक्टिसिंग मुस्लिम की पहचान करने के लिए कोई अलग विभाग खोलेगी सरकार? कांग्रेस सांसद का सवाल

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने और वक्फ संशोधन विधेयक पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। विधेयक पर चर्चा के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए हुसैन ने कहा कि यह विधेयक पूरी तरह से झूठ और भाजपा द्वारा गलत सूचना अभियान पर आधारित है। हुसैन ने आरोप लगाया कि आप सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करते हैं और फिर हम पर ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाते हैं... यह विधेयक पूरी तरह झूठ पर आधारित है और पिछले छह महीनों में गलत सूचना अभियान चलाया गया है। भाजपा की फर्जी फैक्ट्री गलत सूचना फैलाने में लगी हुई है।

# मोदी मोदी के नारों से गूँज उठा बैंकॉक का आसमान

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचे

हम आपको बता दें कि यह 2018 में नेपाल के काठमांडू में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के बाद बिम्सटेक नेताओं की प्रत्यक्ष रूप से पहली बैठक होगी। पिछला शिखर सम्मेलन मार्च 2022 में कोलंबो में वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रारूप में आयोजित किया गया था।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचे, जहां उपप्रधानमंत्री सूर्या जुंगरुंगरींगकिट ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बैंकॉक के डॉन मुआंग हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के आगमन पर सिख समुदाय के लोगों ने भांगड़ा किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बैंकॉक के गवर्नमेंट हाउस में थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में थाई प्रधानमंत्री शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री की मौजूदगी में भारत और थाईलैंड ने का आदान-प्रदान किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस खूबसूरत स्वर्ण-भूमि में मेरे और मेरे डेलीगेशन के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य-सत्कार के लिए मैं प्रधानमंत्री शिनावात्रा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से जुड़े हैं। मोदी ने कहा कि बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे जन-जन को जोड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं थाईलैंड सरकार का आभारी हूँ कि मेरी यात्रा के उपलक्ष्य में 18वी शताब्दी की रामायण म्यूरल पेंटिंग्स पर आधारित एक विशेष डाक-टिकट जारी किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 मार्च को आए भूकंप में हुई जनहानि के लिए मैं भारत के लोगों की ओर से गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि हम घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री शिनावात्रा ने अभी मुझे त्रिपिटक भेंट की। बुद्ध-भूमि भारत की ओर से मैंने इसे हाथ जोड़ कर स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत की पॉलिसी और हमारे विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है।



थाईलैंड में पीएम मोदी ने देखा रामायण का थाई संस्करण 'रामकियेन', शिनावात्रा के साथ की वार्ता

# झुकूंगा नहीं... पुष्पा स्टाइल में राज्यसभा में गरजे मल्लिकार्जुन खड़गे

## अनुराग ठाकुर से माफी की मांग की

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अनुराग ठाकुर द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने भाजपा सांसद से कहा कि वह अपने खिलाफ लगाए गए बेबुनियाद आरोपों को साबित करें या इस्तीफा दें।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए भूमि हड़पने के आरोप साबित हो जाते हैं तो वह इस्तीफा दे देंगे। खड़गे ने यह फिल्मी अंदाज में जवाब दिया। ठाकुर ने एक दिन पहले लोकसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान यह आरोप लगाया था। तीखे जवाब में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने न केवल इस दावे को निराधार बताया बल्कि माफी की मांग भी की। उन्होंने साफ कर दिया कि वह राजनीतिक हमलों के आगे नहीं झुकेंगे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अनुराग ठाकुर द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने भाजपा सांसद से कहा कि वह अपने खिलाफ लगाए गए बेबुनियाद आरोपों को साबित करें या इस्तीफा दें। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ बिल का विरोध करने के लिए कांग्रेस पर तीखा हमला किया और कहा कि प्रस्तावित कानून कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि इस मुद्दे पर ठाकुर के साथ-साथ राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा को भी माफी मांगनी चाहिए।



# भू माफिया बन गया वक्फ बोर्ड, यूपी में माफियागीरी नहीं चलेगी : सीएम योगी

## महाकुम्भ के आयोजन स्थल को बताया था वक्फ की जमीन, पीएम मोदी ने मनमानी पर लगायी लगाम- सीएम योगी

भगवान निषादराज गुहा के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पहुंचे सीएम योगी. सीएम योगी ने भगवान श्री राम और निषादराज की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर भव्य निषादराज पार्क का किया निरीक्षण. प्रभु श्री राम एवं राजा निषाद से जुड़ी कथाओं तथा 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) पर आधारित प्रदर्शनी का किया शुभारंभ. सीएम ने मत्स्य संपदा योजना के तहत 1400 मत्स्य पालकों को 20 करोड़ रुपये और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 138 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए. भगवान राम के वेश में आए बालक से शिव स्तुति सुन गदगद हुए सीएम योगी, बोले- यह प्रतिभा हमारी विरासत को आगे बढ़ाएगी.

- मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 579 करोड़ रुपये की 181 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- सीएम योगी ने निषाद राज वोट सब्सिडी योजना के तहत 1100 नाविकों को 3.20 करोड़ रुपये वितरित किए

एजेंसी

प्रयागराज। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ की तैयारी के दौरान वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि कुंभ की भूमि उनकी है। यह माफिया बोर्ड बन गया था। लेकिन पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगा दी है। सीएम योगी ने कहा कि वक्फ बोर्ड से संबंधित एक महत्वपूर्ण अधिनियम लोकसभा में पारित हो चुका है और जल्द ही राज्यसभा में भी पास होगा, जिससे यह केवल कल्याणकारी कार्यों तक सीमित रहेगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी भी प्रकार की माफियागीरी नहीं चलेगी, यहां के माफिया को तो हम पहले ही विदा करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्नयाथ गुरुवार को मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के प्रिय सखा भगवान निषादराज गुहा के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पहुंचे थे।



# बंगाल सरकार को झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने 25,000 शिक्षकों की बर्खास्तगी को रखा बरकरार

अपने फैसले में न्यायालय ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में हेराफेरी ने नियुक्तियों की ईमानदारी को इस हद तक प्रभावित किया है कि उन्हें बरकरार नहीं रखा जा सकता। न्यायाधीशों ने इस बात पर जोर दिया कि पूरी चयन प्रक्रिया दूषित और दागी थी, जिससे नियुक्तियां अमान्य हो गई।

एजेंसी



पश्चिम बंगाल में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक बड़े घटनाक्रम में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य द्वारा संचालित और राज्य-सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है। 3 अप्रैल, 2025 को दिए गए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने पहले के फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया गंभीर अनियमितताओं से दूषित थी, जिसके कारण इन नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया।

# 'भारत को चीन से वापस लेनी चाहिए अपनी जमीन'

## लोकसभा में गरजे राहुल गांधी, ट्रंप के टैरिफ का मुद्दा भी उठाया

लोकसभा में राहुल ने कहा कि यथास्थिति बनी रहनी चाहिए और हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने चीन को पत्र लिखा है। हमें यह बात अपने लोगों से नहीं बल्कि चीनी राजदूत से पता चल रही है जो यह बात कह रहे हैं।

एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए पारस्परिक शुल्कों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा और यह भी आरोप लगाया कि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे पर चीन को पत्र लिखा है, लेकिन यह जानकारी हमारी सरकार की ओर से नहीं बल्कि बीजिंग के दूत के माध्यम से सामने आई है। लोकसभा में राहुल ने कहा कि यथास्थिति बनी रहनी चाहिए और हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने चीन को पत्र लिखा है। हमें यह बात अपने लोगों से नहीं बल्कि चीनी राजदूत से पता चल रही है जो यह बात कह रहे हैं। दूसरी तरफ, हमारे सहयोगी ने हम पर टैरिफ लगाने का फैसला किया है। यह हमें पूरी तरह से तबाह कर देगा। भारत सरकार हमारी जमीन के बारे में क्या कर रही है और टैरिफ के मुद्दे पर आप क्या करेंगे।



# सभी जज अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करेंगे

## सीजेआई खन्ना ने दे दिया आदेश

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित तीस न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा प्रस्तुत की है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण अदालत ने संकल्प लिया था कि न्यायाधीशों को पदभार ग्रहण करने पर अपनी संपत्ति की घोषणा करनी चाहिए, और जब भी कोई महत्वपूर्ण प्रकृति का अधिग्रहण किया जाता है, तो मुख्य न्यायाधीश को इसकी घोषणा करनी चाहिए।



एजेंसी

नई दिल्ली। पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने सामूहिक रूप से पदभार ग्रहण करने पर अपनी संपत्ति की घोषणा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है। गुरुवार को पूर्ण न्यायालय की बैठक के दौरान, न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का खुलासा करने का संकल्प लिया, जिसे सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, संपत्ति की घोषणा का प्रकाशन पूरी तरह से स्वैच्छिक होगा

**पलटवार** पूछा- चीनी अधिकारियों के साथ सूप पीने वाले लोग कौन थे?

# राहुल ने उठाया एलएसी का मुद्दा, अनुराग ठाकुर ने किया पलटवार

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर कथित अतिक्रमण का मुद्दा उठाए जाने के बाद उन पर हमला बोला। ठाकुर ने कहा कि जो लोग भारत और चीन के बारे में बात करते हैं, वे चीनियों के साथ सूप पीते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत की एक इंच भी जमीन चीन के हाथों नहीं गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण करने से कुछ हासिल नहीं होगा। जवाब में अनुराग ठाकुर ने पूछा, किसके समय में चीन ने इस क्षेत्र पर कब्जा किया? डोकलाम गतिरोध के दौरान चीनी अधिकारियों के साथ सूप पीने वाले लोग कौन थे? राजीव गांधी फाउंडेशन ने चीनियों से पैसे क्यों लिए? ठाकुर ने कहा, भारतीय सेना ने चीन को प्रभावी ढंग से जवाब दिया और एक इंच भी जमीन नहीं खोई। ठाकुर ने कहा, इस तरह के मुद्दे पर राजनीति करने से कुछ हासिल नहीं होगा, लेकिन उन्हें (कांग्रेस को) देश की जनता को अतीत की गलतियों के बारे में जवाब देना होगा। उनकी यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी द्वारा आज निचले सदन में यह दावा किए जाने के बाद आई है कि चीन ने भारत की 4,000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पत्र लिखा है। गांधी ने कहा, यथास्थिति बनी रहनी चाहिए और हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, यह सर्वविदित तथ्य है कि चीन हमारी 4,000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा किए बैठा है। कुछ समय पहले मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे। विपक्ष के नेता गांधी ने कहा, सवाल यह है कि इस क्षेत्र में वास्तव में क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं,

लेकिन सामान्य स्थिति से पहले यथास्थिति की जरूरत है। हमारी जमीन हमें वापस मिलनी चाहिए। गांधी ने दावा किया, यह भी मेरी जानकारी में आया है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने चीन को पत्र लिखा है। हम यह जानकारी अपने लोगों से नहीं, बल्कि चीनी राजदूत से प्राप्त कर रहे हैं।



> ठाकुर ने कहा कि जो लोग भारत और चीन के बारे में बात करते हैं, वे चीनियों के साथ सूप पीते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत की एक इंच भी जमीन चीन के हाथों नहीं गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण करने से कुछ हासिल नहीं होगा।

# '100 चूहे खा कर बिल्ली हज को चली', वक्फ बिल को लेकर विपक्ष पर गिरिराज सिंह का तंज

एजेंसी

नयी दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक और विपक्ष के विरोध पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। गिरिराज सिंह का तंज कसते हुए कहा कि एक कहावत है '100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'। कांग्रेस पार्टी का इतिहास काला रहा है, आपातकाल से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि 2013 में चुनाव से पहले उन्होंने लुटियंस दिल्ली में 123 संपत्तियां रातोंरात वक्फ को दे दीं। इससे पता चलता है कि तुष्टिकरण की हदें कौन पार करता है, कौन काला अध्याय लिखता है। मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि अब वक्फ बोर्ड की संपत्ति चंद लोगों के कब्जे में नहीं रहेगी। अगर कोई विवाद होगा तो वह कोर्ट जाएगा। चाहे अखिलेश यादव हों या कोई और विपक्षी नेता, उन्होंने सिर्फ अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है और मुसलमानों को बरगलाकर राजनीति करने की कोशिश की है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमें विश्वास है कि वक्फ संशोधन विधेयक राज्यसभा में भी अवश्य पारित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा भारत को दिए गए नासूर को एक-एक करके ठीक कर रही है। पहले कुछ माफिया किस्म के लोग वक्फ का फायदा उठा रहे थे लेकिन अब इसका लाभ गरीब मुसलमानों को मिलेगा। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर पहले सरकार और फिर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने विभिन्न पक्षों से व्यापक विचार विमर्श किया और इसके जरिये वक्फ बोर्ड को समावेशी बनाया गया है। रीजीजू ने उच्च सदन में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक को चर्चा एवं पारित करने के लिए रखने के दौरान कही।



गिरिराज सिंह का तंज कसते हुए कहा कि एक कहावत है '100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'। कांग्रेस पार्टी का इतिहास काला रहा है, आपातकाल से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि 2013 में चुनाव से पहले उन्होंने लुटियंस दिल्ली में 123 संपत्तियां रातोंरात वक्फ को दे दीं।

# सम्पादकीय

## सीमा पर सतर्कता जरूरी, पाकिस्तान पर रखनी होगी नजर

पाकिस्तान भले ही दाने-दाने को मोहताज हो और अराजकता-अस्थिरता से जूझ रहा हो लेकिन वह जम्मू कश्मीर को अशांत करने की अपनी हरकतों का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं। इसका कारण भारत के प्रति उसकी घृणा है। भारत सरकार को इसका भी संज्ञान लेना चाहिए कि पाकिस्तान ड्रोन के जरिये पंजाब और जम्मू कश्मीर में हथियार और नशीले पदार्थ भेजने में लगा हुआ है ।पाकिस्तानी सेना की ओर से जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन और गोलीबारी किया जाना गंभीर मामला है। इसलिए और भी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने गोलीबारी तब की, जब उसके सैनिकों के भारतीय सीमा में घुसने के दौरान वहां एक बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। लगता है इससे ही बौखलाए पाकिस्तानी सैनिकों ने गोलीबारी करके अपनी खीझ मिटाई। यह स्वाभाविक है कि भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। यह उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच फरवरी 2021 से संघर्ष विराम समझौते को नए सिरे से लागू किया गया था। इसके बाद से आम तौर पर उसका पालन हो रहा है, लेकिन इसकी अनदेखी भी नहीं की जा सकती कि कई बार पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन भी किया है ।ऐसा आम तौर पर आतंकियों की घुसपैठ कराने के उद्देश्य से किया गया है अथवा उनके खिलाफ भारतीय सुरक्षा बलों के अभियान को बाधित कराने के इरादे से। ध्यान रहे कि इन दिनों हमारे सुरक्षा बल पाकिस्तान से घुसपैठ करके आए आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। हाल में उनसे कठुआ के जंगलों में मुठभेड़ भी हो चुकी है ।पाकिस्तानी सेना की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन किस इरादे से किया गया, इसकी टोह लेने और सीमा पर सतर्कता बरतने के साथ ही इस पर भी विचार करना होगा कि सीमा पार से होने वाली आतंकियों की घुसपैठ पर कैसे रोक लगे ?चूंकि सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ थमने का नाम नहीं ले रही है, इसलिए जम्मू-कश्मीर में छिटपुट आतंकी घटनाएं घटती रहती हैं ।इससे जम्मू कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रश्न उठते रहते हैं और वहां हालात पूरी तौर पर सामान्य करने में कठिनाई भी होती है। खास बात यह है कि पिछले कुछ समय से पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी कश्मीर के स्थान पर जम्मू संभाग में घुसपैठ कर रहे हैं ।स्पष्ट है कि इस इलाके से लगती पाकिस्तानी सीमा पर चौकसी बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। निःसंदेह आवश्यकता इस पर भी विचार करने की है कि पाकिस्तान गुलाम कश्मीर में आतंकियों के जो प्रशिक्षण शिविर चला रहा है, उन्हें वह बंद करने के लिए कैसे बाध्य हो। जब तक आतंकियों के ये अड्डे चलते रहते हैं, तब तक उनकी घुसपैठ भी होती रहेगी।

## आज का विचार







**मेष राशि** : आपको नीरसता का अनुभव हो सकता है, लेकिन मार्गदर्शन से आप पुनः गति प्राप्त कर लेंगे. संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. आप विरोधियों पर बढ़त हासिल करेंगे. निवेशकों को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए. पेट की समस्या से परेशानी हो सकती है.

**वृषभ राशि**: सफलता और संतुष्टि का दिन कल आपका इंतजार कर रहा है. कल लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय आपको भविष्य में लाभ पहुंचाएंगे. छोटी यात्रा का योग है. अधीनस्थ सहयोगी रहेंगे और आपको भाई-बहन की सफलता का सकारात्मक समाचार मिलेगा. कानूनी मामले भी आपके पक्ष में आ सकते हैं.

**मिथुन राशि**: आपका संचार कौशल कल आपकी संपत्ति बनेगा, जो आपके पेशेवर प्रयासों को बढ़ाएगा. आपकी विनम्रता सकारात्मक रिश्तों को बढ़ावा देगी, परियोजना की प्रगति में तेजी लाएगी. जोड़े सार्थक बातचीत में संलग्न हो सकते हैं, जिससे उनका भावनात्मक बंधन मजबूत होगा.

**कर्क राशि**: कल आपके ऊपर चंद्रमा की कृपा बरसेगी. नई साझेदारियाँ आपको फायदा पहुंचाने का वादा करती हैं और आपकी ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा. आपके समर्पण और उत्साह का प्रतिफल वित्तीय लाभ के रूप में मिलेगा. स्वाभिमान आपको नकारात्मकता से बचाएगा.

**सिंह राशि**: आप पुराने दोस्तों के साथ फिर से जुड़ सकते हैं और सामाजिक समारोहों में डूब सकते हैं, जिससे आप ऊजार्वान और उत्साहित महसूस करेंगे. नए व्यावसायिक विचार उभर सकते हैं, जिससे अप्रत्याशित भौतिक लाभ होगा. बच्चे अपनी पढ़ाई के बारे में सकारात्मक समाचार ला सकते हैं, और जोड़े एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिता सकते हैं.

**कन्या राशि**: चंद्रमा का आशीर्वाद आपको सशक्त बनाता है, छोटे निवेश को बड़े मुनाफे में बदल देता है. आपकी कार्यकुशलता आसमान छूती है और सफलता अनायास ही मिलती है. अनुकूल कानूनी परिणाम सामने आ रहे हैं और आप विरोधियों पर प्रभुत्व बनाए रखेंगे.

**तुला राशि**: चंद्रमा का शुभ प्रभाव आपको न्यूनतम प्रयास से भी सफलता की ओर ले जाएगा. पिछले निवेशों से सकारात्मक रिटर्न मिलता है, और आपके समर्पण को आपके पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों क्षेत्रों में पुरस्कारों से मान्यता मिलती है. आपकी प्रतिष्ठा बढ़ती है, और आप नवीन व्यावसायिक उद्यम शुरू कर सकते हैं.

**वृश्चिक राशि**: आप खुशहाली और अपनी परिस्थितियों पर नियंत्रण की भावना का अनुभव करेंगे. आपका नेटवर्क आपके पेशेवर प्रयासों में मूल्यवान साबित होगा और विदेश यात्रा के अवसर पैदा हो सकते हैं. यह घरेलू सौहार्द्र को बढ़ावा देने और अपने प्रेम जीवन को मजबूत करने का एक उपयुक्त समय है.

**धनु राशि**: अत्यधिक कार्यभार के कारण आपको थकान का अनुभव हो सकता है. इससे आलस्य और लापरवाही हो सकती है, इसलिए धैर्य रखना और फोकस बनाए रखना महत्वपूर्ण है. यदि आप किसी साहसिक यात्रा पर विचार कर रहे हैं, तो इसे कुछ समय के लिए स्थगित करने की सलाह दी जाती है.

**मकर राशि**: आपकी रचनात्मकता निखरेगी, जो आपको घर के नवीकरण परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रेरित करेगी. आप अपने रहने या कार्यस्थल को ऊंचा उठाने, अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए साज-सज्जा या सजावट में निवेश कर सकते हैं.

**कुंभ राशि**:आप संतुष्टि की भावना का अनुभव करेंगे क्योंकि आप अपनी आय और व्यय के बीच संतुलन बनाने में सफल रहेंगे, जिससे आपकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी.

**मीन राशि**: आप नींद की कमी के कारण सुस्ती और ध्यान केंद्रित करने में कमी का अनुभव कर सकते हैं, जो आपके लक्ष्यों की दिशा में आपकी प्रगति में बाधा बन सकता है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सुधार की प्रतीक्षा कर रहे हैं वक्फ बोर्ड, कुप्रबंधन और पारदर्शिता की कमी की वजह से पिछड़ गया

> इन सुधारों को अपनाकर और जवाबदेही की मांग करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वक्फ मुस्लिम समुदाय को लाभ पहुंचाने और व्यापक समाज में योगदान देने के अपने इच्छित उद्देश्य को पूरा करे। यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि वक्फ मुस्लिम समुदाय और हमारे देश में अच्छे कामों के लिए एक ताकत के रूप में अपनी क्षमता को मूर्त रूप दे।

भारत के धार्मिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य के विविधतापूर्ण ताने-बाने में वक्फ बोर्ड एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्था है, लेकिन यह अब तक पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पाई है। इस्लामी आध्यात्मिक परंपरा में गहराई से समाई हुई यह वैधानिक इकाई भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बदलने की क्षमता रखती है ।हालांकि अपनी समृद्ध विरासत और विशाल भूमि संपत्तियों के बावजूद वक्फ अक्षमताओं, कुप्रबंधन और पारदर्शिता की कमी की वजह से पिछड़ गया है। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि भारत में तीसरी सबसे बड़ी भूमि स्वामित्व वाली इकाई के रूप में वक्फ एक ऐसे समुदाय की देखरेख करता है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के मुद्दों से जूझ रहा है। सदियों पहले स्थापित वक्फ का मूल उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के लिए स्कूल, अस्पताल, पुस्तकालय और अन्य परोपकारी संस्थानों की स्थापना और देखरेख करना था ।यह चिंता का विषय है कि इतना विशाल संसाधन आधार होने के बावजूद इन्हें समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी रूप से उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। ऐसे में वक्फ बोर्ड में सुधार अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि मुस्लिम समुदाय में व्यापक रूप से यह सहमति बन चुकी है कि वक्फ संपत्तियों का




दुरुपयोग हुआ है। वक्फ बोर्ड की अक्षमताओं के कारण इन संपत्तियों का सर्वोत्तम उपयोग नहीं हो पाया है। कई संरक्षकों की अयोग्यता के चलते वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी ने अक्षमताओं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है ।मौजूदा वक्फ व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या वक्फ के स्वामित्व वाली संपत्तियों के लिए अप्रचलित किराया नीति है। इनमें से कई संपत्तियां दशकों पहले (वर्ष 1950) तय की गई दरों पर किराए पर दी गई हैं। न केवल ये किराया आज की बाजार दर से बेहद कम है, बल्कि यह मामूली किराया भी नियमित रूप से नहीं वसूला जाता। यह स्थिति वक्फ संपत्तियों की अवैध बिक्री और बबार्दी के आरोपों से और भी जटिल हो गई है, जिसने संभावित राजस्व को काफी हद तक नष्ट कर दिया है और जिसका उपयोग सामुदायिक कल्याण के लिए किया जा सकता था ।इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण जयपुर शहर की एक केंद्रीय और बेहद प्रसिद्ध शापिंग स्ट्रीट है, जिसे एमआई रोड के रूप में जाना जाता है। बहुत से लोग नहीं जानते होंगे कि एमआई का मतलब मिर्जा इस्माइल रोड है। जयपुर में एमआई रोड पर स्थित कुछ संपत्तियां सामुदायिक और धार्मिक कार्यों के लिए वक्फ बोर्ड को दान कर दी गई हैं। बोर्ड इन संपत्तियों को किराये पर दे सकता है, लेकिन किसी को बेच नहीं सकता ।एमआई रोड पर 100 वर्ग फीट से लेकर 400 वर्ग फीट तक की कई ऐसी व्यावसायिक संपत्तियां हैं, जिनका किराया 300 रुपये प्रति माह है। किराया नीति अद्यतन होने पर इनका किराया करीब 25,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के हर राज्य में ऐसी हजारों संपत्तियां हैं, जिनका उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है ।सच्चर समिति की 2006 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि वक्फ अपनी संपत्तियों से सालाना 12,000 करोड़ रुपये की आय का सृजन कर सकता है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि वक्फ संपत्तियों की वास्तविक संख्या 8.72 लाख से अधिक है। आज मुद्रास्फीति और संशोधित अनुमानों को ध्यान में रखते हुए संभावित आय सालाना 20,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है ।फिर भी इसका वास्तविक राजस्व 200 करोड़ रुपये ही है। हमें भारतीय मुसलमान के रूप में ह्यकल्याणह्न की अपनी समझ को व्यापक बनाना चाहिए। कल्याण का मतलब मुफ्त, खस्ताहाल संस्थान नहीं हैं, जो खुद को बनाए रखने के लिए संघर्ष करते हैं। इसके बजाय हमें ऐसे संस्थानों के निर्माण की आकांक्षा करनी चाहिए, जो आत्मनिर्भर हों, समावेशी हों तथा ऐसे उच्च मानकों वाले हों कि वे सभी के लिए आकांक्षापूर्ण बन जाएं ।वास्तव में वक्फ संशोधन विधेयक वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी) के शासन और प्रशासन में सुधार करके एक अधिक जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था कायम करना चाहता है, जिससे मुस्लिम समुदाय की बेहतर सेवा हो सके, लेकिन सुधार शासन तक ही तक ही नहीं रुकने चाहिए। वक्फ बोर्ड के विश्वसनीय प्रशासन को राजस्व सृजन के महत्वपूर्ण मुद्दे को भी संबोधित करना चाहिए ।वक्फ संपत्तियों के किराया-ढांचे को संशोधित करके वर्तमान बाजार दरों के अनुरूप लाया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करना वक्फ की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इसके अलावा इन संपत्तियों से उत्पन्न लाभ को वक्फ संस्था के मूल उद्देश्य के अनुरूप मुस्लिम समुदाय की कल्याणकारी परियोजनाओं में फिर से निवेश किया जाना चाहिए ।इन सुधारों को अपनाकर और जवाबदेही की मांग करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वक्फ मुस्लिम समुदाय को लाभ पहुंचाने और व्यापक समाज में योगदान देने के अपने इच्छित उद्देश्य को पूरा करे। यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि वक्फ मुस्लिम समुदाय और हमारे देश में अच्छे कामों के लिए एक ताकत के रूप में अपनी क्षमता को मूर्त रूप दे।

# होसबोले का बयान और विधानसभा चुनाव

डॉ.ओपी मिश्र

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले का एक बयान इस समय सुर्खियों में है। इस बयान में वे साफ शब्दों में कहते हैं कि अगर संघ के स्वयंसेवक संघ मथुरा और काशी से जुड़े आंदोलन में भाग लेते हैं तो आरएसएस को कोई आपत्ति नहीं होगी। वैसे इस बात को वे इस तरह भी कह सकते थे कि अब संघ काशी विश्वनाथ तथा कृष्ण जन्मभूमि के लिए भी उसी तरह का आंदोलन करेगा जैसा उसने राम जन्मभूमि के लिए किया था। लेकिन उन्होंने बहुत ही सुफास्टिकेरेड तरीके से अपनी बात रखी और स्पष्ट किया कि राष्ट्र स्वयंसेवक संघ एक संगठन के रूप में सीधे-सीधे भाग नहीं लेगा। लेकिन उसके स्वयंसेवक अगर मथुरा और काशी का मुद्दा उठाते हैं, आंदोलन करते हैं तो संघ को कोई परहेज नहीं। यानी गुड से परहेज है लेकिन गुलगुले से नहीं। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि जब संघ 100 वर्ष का होने जा रहा है तो क्या उसके एजेंडे में अब यही बचा है। या भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव जिताने और इसी वर्ष बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव जीतने के लिए यह नया सीगुफा छोड़ा गया है। वह भी उस स्थिति में जब ढल्ली ड्ढ ६ड्ढ१ द्गस्त्र ३ 1991 अस्तित्व में है जिसमें कहा गया है की पूजा स्थल का धार्मिक स्वरूप बदला नहीं जा सकता। लेकिन 2022 में की गई सुप्रीम कोर्ट की अलग व्याख्या के अनुसार धार्मिक स्वरूप की जांच करने पर कानून की रोक नहीं है। वैसे भी कानून की रोक का अपने देश में कोई मतलब नहीं। दहेज का कानून अस्तित्व में है लेकिन दहेज दिया और लिया जा रहा है। बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट की रोक है लेकिन बुलडोजर धड़ल्ले से यह कहकर घर गिरा रहे हैं कि घर अवैध है। लेकिन जो निर्माण वास्तव में अवैध हैं उन्हें



छुआ तक नहीं जा रहा है। हाई कोर्ट के आदेशों के बावजूद भी गिराया नहीं जाता है। ऐसे में यह कहना कि देश संविधान के मुताबिक चल रहा है या कानून के अनुसार चल रहा है मैं इस पर कुछ कहने के लायक नहीं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट तो कह ही रहा है। ऐसे में तो इसमें कोई क्या कर सकता? आस्था तो आस्था होती है उसके लिए गवाह सबूत की जरूरत ही शायद नहीं पड़ती। कितना अजीब इत्तेफाक है या फिर मिलीभगत है कि एक तरफ तो संघ प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत कहते हैं कि हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों ढूंढना? और यह भी की अब कोई आंदोलन नहीं होगा? दूसरी तरफ संघ कार्यवाह होसबोले 1984 का हमारा देते हुए कहते हैं कि उस समय विश्व हिंदू परिषद और साधु संतों ने तीन मंदिरों का मुद्दा उठाया था तो उसके लिए यदि संघ के स्वयंसेवक कोई आंदोलन खड़ा करते हैं तो संघ को कोई आपत्ति नहीं। इस लिहाज से मुझे तो लगता है कि जब संघ प्रमुख ने एक स्पष्ट रेखा खींच दी थी, तो होसबोल का बयान स्वयंसेवकों के बीच असमंजस का निर्माण ही करेगा। जिससे तनाव और टकराव दोनों बढ सकते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या तनाव टकराव दूराव तथा हिंदू मुस्लिम और मंदिर मस्जिद करके हम विकसित भारत की कल्पना साकार कर सकते हैं। यहां यह लिखना आवश्यक है कि बिहार में कुछ महीनो बाद चुनाव होने वाले हैं और 2027 के प्रारंभ में ही उत्तर प्रदेश में चुनाव होने वाले हैं। क्या इन दोनों चुनाव को ध्यान में रखकर ही संघ के सर कार्यवाहक होसबोले ने इस तरह का बयान दिया है ताकि चुनाव में ध्रुवीकरण हो सके? क्या भाजपा के पास अपनी उपलब्धियां के जरिए चुनाव लड़ने की क्षमता नहीं है? या फिर भाजपा के पास उपलब्धि के नाम पर कुछ है ही नहीं? हम सब जानते हैं कि काशी और मथुरा दोनों बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरो पर स्थित हैं तथा हिंदुओं के लिए पावन तीर्थ हैं। इन दोनों प्रदेशों में जातिगणना जनगणना और आरक्षण चुनाव में बड़ा मुद्दा बनने वाले हैं। इतना ही नहीं महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी नौकरी, पेपर लीक, धार्मिक तथा जातीय वैमनस्य भी चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकते हैं। इन्हीं जनहित और जनकल्याण के मुद्दों को कंद करने के लिए ही संघ धार्मिक गोलबंदी करने का दिवास्वप्न देख रही है। कितने दुख की बात है देश ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है इसके लिए उसे जबरदस्त पूंजी निवेश चाहिए लेकिन जिस देश में धार्मिक उन्माद चरम पर हो वहां पूंजी निवेश करना कौन चाहेगा? क्या इसका जवाब होसबोल के पास है? क्या इसका जवाब संघ के पास है? क्या मुसलमानों को दरकिनार किए बिना, हिंदू मुस्लिम किए बिना संघ हिंदुओं को संगठित नहीं कर सकता। क्या अपने पड़ोसी का घर जलाए बिना, गिराये बिना हम अपने घर का विस्तार नहीं कर सकते? अच्छा घर नहीं बना सकते? हिंदुओं को संगठित करने के नाम पर हिंदुओं और मुसलमान के बीच के उन आंकड़ों को भी संघ को जारी करना चाहिए जिसमें बताया गया है कि बेरोजगारी दर हिंदुओं में ज्यादा है। पाकिस्तान का उदाहरण हम सबके सामने है धार्मिक कट्टरता ने उसे कहीं का नहीं रखा। क्योंकि उन्मादी समाज में कोई निवेशक अपनी पूंजी नहीं लगाता। क्या ही अच्छा होता यदि हमारा देश भारत दुनिया मे मची आर्थिक उथल-पुथल पर अपना फोकस करता। भारत विरोधी जो नई शक्तियां सक्रिय हो रही हैं उन पर कैसे अंकुश लगे इस पर चर्चा करता। लेकिन हो तो यहां कुछ और रहा है। देश की नीति नियंताओ का सारा ध्यान तो इस पर होना चाहिए की 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र कैसे बने, गरीबी पर अंकुश कैसे लगे? महंगाई पर रोक कैसे लगे? रोजगार के अवसर ज्यादा से ज्यादा कैसे पैदा हो? लोगों को नौकरी ज्यादा से ज्यादा कैसे मिले? शिक्षा तथा स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति पर विराम कैसे लगे? शिक्षा और स्वास्थ्य सबको सुलभ कैसे हो? देश का कर्ज कम कैसे हो? देश में आयात निर्यात का बाजार कैसे सुगम हो। लेकिन हो यह रहा है कि हमें धर्म की अंधेरी कोठरी में ढकेला जा रहा है। दफन हो चुका अतीत को फिर से जिंदा किया जा रहा है और जो जिंदा है यानी वर्तमान है उसे अनदेखा किया जा रहा है। संघ को भी धर्म की चिंता है मानवता की नहीं, बेरोजगारी की नहीं, मुफलिसी की नहीं।

# बचपन का आकर्षण

विजय गर्ग

अतीत हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। बचपन की स्मृतियों की ओर बार- बार मुड़ जाना हमें अच्छा लगता है। छूट गई चीजों से मोह उमड़ना इंसानी फितरत है । जब बचपन का घर, गांव, शहर, देश छूट जाता है तो व्यक्ति जीवन में एक बार उस शहर, देश गांव में जरूर लौटना चाहता है ।इसी तरह बचपन के खेल-खिलौनों को देखकर उसके भीतर का बच्चा कुलबुला उठता है । तितलियों के पीछे भागना, पानी में छपाक-छपाक कूदना, गुड़िया - गुड्डों से खेलना जैसी बातों की स्मृति उसे आनंद से भर देती है । बचपन के इस आकर्षण को बढ़ा में जीने के लिए दुनिया में एक नया चलन चला है, जिसे 'किडल्टिंग' नाम दिया गया है। इसके जरिए दुनिया भर में कई युवा, अधेड़ और बुजुर्ग महिलाएं, पुरुष वह सब कर रहे है जो बचपन में करना उन्हें पसंद था, या जवानी में समय के अभाव के कारण वे कर नहीं पाए। ह्यकिडल्टिंग' शब्द दो शब्दों के मेल से बना हुआ है- 'किड' और 'एडल्ट' । यानी बचपन और वयस्क की संधि ।मनोवैज्ञानिक कार्ला मैरी मैनली के अनुसार, 'व्यावहारिक रूप से देखें तो यह बचपन की जानी- पहचानी, अच्छी लगने वाली गतिविधियों की ओर एक स्वाभाविक, सरल वापसी है।' मतलब बचपन में जिस लुका-छिपी के खेल को खेलकर हम रोमांच से भर उठते थे, उसी रोमांच को फिर से बुढ़ापे में खेलकर यह महसूस करने की कोशिश है। 'किडल्ट' शब्द का इस्तेमाल पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है, लेकिन इस चलन की लोकप्रियता में वास्तविक उछाल कोविड महामारी के शुरूआती महीनों में आया, जब सब अपने-अपने घरों में बंद पड़े भय और अवसाद से जूझ रहे थे ।इस भय और निराशा को कम करने के लिए कुछ लोगों ने नए शौक पाले तो कुछ अपने पुराने बिछड़े शौक की ओर लौट आए। जब महामारी का भय कम हुआ, तब भी वयस्कों ने ऐसी गतिविधियां जारी रखीं ।

मतलब बचपन के शौक से जीवन में आए उत्साह को बनाए रखा। जब हम अपना मनपसंद काम करते हैं तो जीवन की चिंताओं से बेफिक्र हो जीते हैं। जो नहीं हुआ है, उसकी चिंता करना और जो हो गया है, उसकी भी चिंता करना हमारा स्वभाव होता है। इन चिंताओं के चलते हम जीवन के उल्लास से लगभग महरूम हो जा रहे हैं। ह्यकिडल्टिंग' जिंदगी के भागमभाग में फंसे, अकेले रह गए या अवसाद से जूझ रहे लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। इस संदर्भ में 'जाय फ्राम फियर' की लेखक कार्ला मेरी मैनली का कहना है, 'पसंदीदा गतिविधियां करना अक्सर तनाव दूर करने के लिए एकदम सही विकल्प होता है।

बड़ी कंपनियां भी ऐसी गतिविधियों के चलन को बढ़ावा देने में तेजी से जुट गई हैं। लंदन और मैड्रिड में एक संवाद संग्रहालय ह्यडोपामाइन लैंड' अपने 'अंदर के बच्चे' को जगाने के लिए बचपन और वयस्क अवस्था के संधिकाल की गतिविधियां करवाता है। एम्स्टर्डम में हर उम्र के लोगों के लिए बना संवाद संग्रहालय साहसी लोगों को गुलाबी मार्शमैलो के समुद्र गोता लगाने और दीवारों पर अगड़म - बगड़म कुछ भी लिखने या चित्र बनाने की सुविधा देता है। यूनाइटेड किंगडम के तीन शहरों में वयस्कों के लिए एक विशाल बाल पिट जहां हर महीने हजारों लोग मजे लेने के लिए आते हैं। दिन भर मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन से ऊबे हुए कामकाजी लोग इससे दूरी बनाने के दिलचस्प बहाने खोजने लगे हैं। बचपन की दुनिया में वापसी उन्हें पसंद आ रही है, क्योंकि इसमें वे उस बीते समय को जीते हैं, जब अधिकतर लोगों के पास मोबाइल और कंप्यूटर नहीं था ।आखिर कुछ तो कारण होगा कि अपनी वर्तमान जिंदगी में तमाम सुविधाओं के बीच रहने वाले लोग भी अब ऐसी परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जिसमें वे जीवन की संवेदनाओं का अहसास नहीं कर पाते !

# ओवैसी की भाषा बोल रहे हैं उद्धव ठाकरे : एकनाथ शिंदे

● मीडिया से बात करते हुए शिंदे ने इसे उनका सबसे बड़ा अपराध बताया। शिंदे ने कहा कि इसका विरोध करके यूबीटी ने अपना असली चेहरा उजागर कर दिया है। यह साबित हो गया है कि उन्होंने हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को पूरी तरह त्याग दिया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए निशाना साधा और उन पर हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को त्यागने का आरोप लगाया। मीडिया से बात करते हुए शिंदे ने इसे उनका सबसे बड़ा अपराध बताया। शिंदे ने कहा कि इसका विरोध करके यूबीटी ने अपना असली चेहरा उजागर कर दिया है। यह साबित हो गया है कि उन्होंने हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को पूरी तरह त्याग दिया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे असदुद्दीन ओवैसी की भाषा बोल रहे हैं। वक्फ बोर्ड को विरोध करके यूबीटी ने अपन असली चेहरा सामना लाया है, यह दुर्भाग्यपुर्ण है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह 2019 में हुए विश्वासघात से भी बड़ा अपराध है जब उन्होंने (उद्धव ठाकरे ने) बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को त्यागकर 2019 में कांग्रेस के साथ सरकार बनाई थी। उन्होंने ठाकरे के नेतृत्व की आलोचना करते हुए उन्हें भ्रमित बताया। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे पूरी तरह से भ्रमित हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि क्या निर्णय लेना है। जब नेतृत्व इस तरह का हो जाता है, तो पार्टी का भविष्य भी अंधकार में होता है।₹ इसके अलावा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों पर कुछ चुनिंदा लोगों के एकाधिकार को समाप्त करना है

# 'मुसलमानों के लिए भाजपा की चिंता देखकर जिन्ना को भी शर्म आ जाएगी', उद्धव ठाकरे का सरकार पर तंज

ठाकरे ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों द्वारा मुसलमानों के प्रति दिखाई गई चिंता मुहम्मद अली जिन्ना को शर्मिंदा कर देगी। यह एक संयोग है कि किरेन रिजिजू, जिन्होंने कभी गौमांस खाने का समर्थन किया था, ने वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि संसद में वक्फ बिल पर अपने भाषणों के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा सांसदों द्वारा मुसलमानों के बारे में दिखाई गई चिंता पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना को शर्मिंदा कर देगी। भाजपा पर बेबाक हमला करते हुए ठाकरे ने कहा कि तीसरा कार्यकाल हासिल करने के बावजूद भगवा पार्टी राजनीति के लिए हिंदू-मुस्लिम मुद्दों को उठा रही है। ठाकरे ने अपने पूर्व सहयोगी को चुनौती दी कि अगर वह मुसलमानों को नापसंद करते हैं तो अपनी पार्टी के झंडे से हरा रंग हटा दें। भाजपा के झंडे में हरा और केसरिया रंग है और सफेद रंग में कमल बना हुआ है। ठाकरे ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों द्वारा मुसलमानों के प्रति दिखाई गई चिंता मुहम्मद अली जिन्ना को शर्मिंदा कर देगी। यह एक संयोग है कि किरेन रिजिजू, जिन्होंने कभी गौमांस खाने का समर्थन किया था, ने वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। वक्फ विधेयक दूसरा बड़ा बदलाव है जिसे भाजपा ने 2019 में ट्रिपल तलाक की प्रथा को गैरकानूनी बनाने के बाद मुस्लिम समुदाय में लागू करने का प्रयास किया है। वक्फ विधेयक पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए, जिसे 12 घंटे की मैराथन बहस के बाद लोकसभा में पारित किया गया, ठाकरे ने कहा कि वह विधेयक का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि भाजपा के दोहरे मानदंडों का विरोध कर रहे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह विधेयक भाजपा की जमीन छीनकर अपने उद्योगपति मित्रों को देने की चाल है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा कि मैंने यह नहीं कहा कि मैं विधेयक का समर्थन करता हूं। मैंने विधेयक का विरोध नहीं किया है, लेकिन मैंने भाजपा के दोहरे मानदंडों का विरोध किया है। विधेयक में निश्चित रूप से कुछ अच्छी बातें हैं, लेकिन उन्हें इसका इस्तेमाल राजनीति के लिए नहीं करना चाहिए। इसका हिंदुत्व से कोई लेना-देना नहीं है। वक्फ विधेयक, जो वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन करता है, सरकार को वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने और ऐसी संपत्तियों से संबंधित विवादों को निपटाने में एक कदम आगे ले जाएगा।

## फास्ट ट्रैक

### लोनावला-मलवली खंड पर प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 4 स्टील नम्बर्स की लॉन्चिंग के लिए विशेष यातायात और पावर ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल दिनांक 06.04.2025, 07.04.2025 और 08.04.2025 को किलोमीटर 128/16-17 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नम्बर 32 के बदले लोनावला-मलवली खंड पर प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 4 स्टील नम्बर्स की लॉन्चिंग के लिए विशेष यातायात और पावर ब्लॉक परिचालित करेगा।

मलवली और लोनावला के बीच अप और डाउन लाइनों पर ये ब्लॉक दिनांक 06.04.2025 से 08.04.2025 तक परिचालित किए जाएंगे, विवरण इस प्रकार है:

ब्लॉक के कारण होने वाले परिवर्तनः

ब्लॉक 1

दिनांक 06.04.2025 (रविवार) को 13.05 बजे से 16.05 बजे तक

मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रेगुलेशन

22159 सीएसएमटी-चेन्नई एक्सप्रेस को लोनावला में 16.05 बजे तक रेगुलेट किया जाएगा

17222 एलटीटी-काकीनाडा एक्सप्रेस को कर्जत में 15.20 बजे तक रेगुलेट किया जाएगा

22194 ग्वालियर-दौंड एक्सप्रेस को चौक पर 10 मिनट के लिए रेगुलेट किया जाएगा

ईएमयू ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन

99814 पुणे-लोनावला ईएमयू और 99816 शिवाजी नगर-लोनावला ईएमयू का शॉर्ट टर्मिनेशन मलवली में किया जाएगा

99813 लोनावला-पुणे ईएमयू और 99815 लोनावला-शिवाजी नगर ईएमयू मलवली से शॉर्ट ऑरिजनेट होगी

ब्लॉक 2

दिनांक 07.04.2025 (सोमवार) को 13.05 बजे से 14.35 बजे तक

ईएमयू ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन

99816 शिवाजी नगर-लोनावाला ईएमयू को मलवली में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा

99813 लोनावाला-पुणे ईएमयू को मलवली से शॉर्ट ऑरिजनेट किया जाएगा

ब्लॉक 3

दिनांक 08.04.2025 (मंगलवार) को 13.05 बजे से 15.05 बजे तक

ईएमयू ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन

99816 शिवाजी नगर-लोनावला ईएमयू को मलवली में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा

99813 लोनावला-पुणे ईएमयू मलवली से शॉर्ट ऑरिजनेट होगी

ये ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन सहयोग करें।

### अंधेरी स्टेशन पर मध्य एफओबी की दक्षिणी सीढ़ी अस्थायी रूप से बंद

मुंबई, अंधेरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 एवं 5 पर स्थित मध्य फुट ओवर ब्रिज की दक्षिण दिशा की सीढ़ी रिप्लेसमेंट कार्य के चलते 07 अप्रैल से 06 जून, 2025 तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि सुविधा हेतु स्टेशन पर उपलब्ध वैकल्पिक सीढ़ियों और फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करें।

### स्कूल में युवक की दबंगई

बागपत, दोघट थाना क्षेत्र के मांगरौली गांव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। तहसीम नाम का व्यक्ति हाथ में डंडा लेकर प्राथमिक विद्यालय में घुस गया। इस दौरान स्कूल में मौजूद बच्चों और शिक्षकों में दहशत फैल गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी स्कूल में घुसकर शिक्षकों से अभद्रता कर रहा है।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी दो समर स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा स्पेशल रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल किराये पर दो स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:

1. ट्रेन संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस झ बनारस सुपरफास्ट स्पेशल (अनारक्षित) [24 फेरे]

ट्रेन संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस - बनारस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 04.30 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.30 बजे बनारस पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 अप्रैल से 26 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09030 बनारस - बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 09.30 बजे बनारस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, भेस्तान, चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज जं. और ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09033/09034 उधना बरौनी साप्ताहिक स्पेशल [24 फेरे]

ट्रेन संख्या 09033 उधना - बरौनी स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 20.35 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 03.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। यह ट्रेन 09 अप्रैल से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09034 बरौनी - उधना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 05.30 बजे बरौनी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर और मोकामा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09033 की बुकिंग 05 अप्रैल, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# मिर्च पाउडर झोंककर 685500 रुपये की लूट, शादी के कार्ड से मिला पहला सुराग, लुटेरों तक पहुंची पुलिस

● महाराष्ट्र के पालघर में मिर्च झोंककर लूटपाट
● लुटेरों ने वैन चालक को रोककर मांगी थी मदद
● मिर्च झोंक ले गए थे 6,85,500 रुपये का थैला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में आने वाले महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक लुटेरे ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर भाई के साथ लूटपाट की बड़ी घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने पीड़ितों की आंख में मिर्च झोंककर 6 लाख 85 हजार 500 रुपये लूटे थे। पुलिस को जांच में लूटपाट वाली जगह पर शादी का कार्ड मिला, जिसमें लिखे नाम के आधार पर सभी आरोपी पकड़े गए।

## वैन रोककर मांगी थी मदद

पालघर पुलिस के मुताबिक लूटपाट की घटना 28 मार्च को जव्हार के पास वावर गांव में हुई थी। पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने बताया कि पीड़ित बोरू खंडू बिनार अपनी पिकअप वैन से जा रहे थे। रास्ते में तीन लोगों ने उनकी गाड़ी को रोका। आरोपियों ने बाइक खराब होने का बहाना बनाते हुए मदद मांगी। जब बोरू और ड्राइवर हेल्प के लिए गाड़ी से बाहर निकले, आरोपियों ने उनकी आंखों में मिर्च झोंक दिया। इसके बाद लुटेरे गाड़ी में रखी लाखों की रकम लूटकर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कार्ड में लपेटा था मिर्च पाउडर

बालासाहेब पाटिल ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को अपराध स्थल पर मिर्च पाउडर के निशान मिले। उन्हें एक शादी का निमंत्रण कार्ड भी मिला, जिसमें मिर्च पाउडर लपेटा गया था। उस कार्ड पर किरण अनंत लमटे का नाम भी था। पुलिस ने कार्ड पर लिखे नाम के आधार पर किरण को खोज निकाला। वह व्यक्ति लूट में शामिल पाया गया। इसके बाद तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।

## पीड़ित का भाई भी हुआ अरेस्ट

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चार लोगों में से एक दत्तू खंडू बिनार लूटपाट के शिकार बोरू खंडू का भाई है। दत्तू ने ही लूट की योजना बनाई थी। बाकी तीन आरोपियों की पहचान किरण अनंत लमटे, परमेश्वर कमलाकर जोले और दादा बाजीराव पेहरे के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी हुई पूरी रकम बरामद कर ली है।

# भारतीय रेल का नया कीर्तिमान, बीते वित्त वर्ष में बनाए 7,134 कोच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

● 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा 54,809 पहुंचा
● आम आदमी का ध्यान रखकर नॉन एसी कोचों के उत्पादन में वृद्धि
● कोच निर्माण में दुनिया का अग्रणी देश बनकर उभरा भारत



नई दिल्लीः भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दशार्ती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। इससे रेल सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कुशल बनेंगी। जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव मिलेगा। भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां हैं। जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF), पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री (RCF) और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (MCF) शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 3,007 कोच का उत्पादन किया है। वर्ष 2024-25 में भारतीय रेल की कोच निर्माण इकाइयों द्वारा कोच उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF), चेन्नई ने वर्ष 2023-24 में 2,829 कोचों का निर्माण किया था, जो 2024-25 में बढ़कर 3,007 हो गया है, यानी 178 कोचों की वृद्धि दर्ज की गई है। रेल कोच फैक्ट्री (RCF), कपूरथला द्वारा वर्ष 2023-24 में 1,901 कोच बनाए गए थे, जबकि 2024-25 में इसका आंकड़ा बढ़कर 2,102 कोच हो गया है, जिससे 201 कोचों की बढ़ोत्तरी हुई है। इसी प्रकार, मॉडर्न कोच फैक्ट्री (MCF), रायबरेली ने वर्ष 2023-24 में 1,684 कोचों का निर्माण किया था, जो 2024-25 में बढ़कर 2,025 कोच हो गया है। इस इकाई द्वारा 341 कोचों की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। यह आँकड़े भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता और मांग के अनुसार संसाधन विस्तार के सकारात्मक संकेत प्रदान करते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रेल ने कोच निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। 2004 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 3,300 कोच के करीब था। वहीं 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54,809 पहुंच गया, जिसका औसत 5,481 कोच रहा है। कोच निर्माण क्षेत्र में यह वृद्धि भारतीय रेल द्वारा आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में निर्णायक है। इसका उद्देश्य घरेलू निर्माण क्षमता को मजबूत करना, आयात पर निर्भरता को कम करना और रेलवे संरचना में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना है। रेल कोच निर्माण में भारतीय रेल की यह उपलब्धि ह्यमेक इन इंडियाह्व पहल को नया आयाम देती है। साथ ही विश्व पटल पर भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करती है। कोच उत्पादन में भारतीय रेल की सफलता ह्यमेक इन इंडियाह्व पहल का हिस्सा है, जो रेल ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एडवांस तकनीक से लैस आधुनिक कोच यात्रियों को ज्यादा आराम, अधिक स्थान और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंगे। इससे यात्रा का अनुभव और ज्यादा आरामदायक बन रहा है। इसके साथ ही उच्च उत्पादन क्षमता से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

# वित्त वर्ष 2024-25 में मल्टी-ट्रैकिंग और बुनियादी ढांचे में मध्य रेल ने भारी सफलता हासिल की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 325.93 किलोमीटर ट्रैक की कमीशनिंग पूरी करके मध्य रेल ने बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इसमें कमिश्नर रेलवे सेफ्टी द्वारा दी गई 258.44 किलोमीटर ट्रैक की संरक्षा मंजूरी और 67.49 किलोमीटर ट्रैक का इंजन ट्रायल रन पूरा करना शामिल है। इस वित्त वर्ष के दौरान दो प्रमुख यातायात सुविधा कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए हैं:-

24 कोच वाली ट्रेनों को समायोजित करने के लिए सीएसएमटी पर प्लेटफॉर्म नंबर 10/11 और प्लेटफॉर्म नंबर 12/13 का विस्तार और यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान।

कसारा यार्ड में अप और डाउन लाइनों में 3-3 रीसीट और डिस्पैच लाइनों का विस्तार और कसारा में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 का विस्तार और चौड़ीकरण।

इसके अलावा किए गए विभिन्न गैर-इंटरलॉकिंग कार्यों में शामिल हैं:

100 से अधिक रूट वाले 9 प्रमुख यार्डों में यार्ड रीमॉडलिंग जैसे कि सीएसएमटी, खंडवा, सिंदी, पुणतांबा, पचोरा, भांदक, सेलू रोड, हिंगणघाट और चिकनी रोड।

3 प्रमुख यार्डों में परिवर्तन जैसे कि कसारा, चालीसगांव और गोधनी।

रेलवे बोर्ड को कुल 19 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई हैं, जिनमें से 6 को मंजूरी दे दी गई है और 13 अंतिम मंजूरी की प्रतीक्षा कर रही हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, योजना शीर्ष (पीएच) 30 के तहत 3 रोड ओवर ब्रिज और 3 रोड अंडर ब्रिज पूरे किए गए हैं।

मध्य रेल ने रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 100% हासिल किया है। ये उल्लेखनीय उपलब्धियाँ यात्रियों को कुशलतापूर्वक सेवा देने, संरक्षा सुनिश्चित करने और अधिक टिकाऊ और सुरक्षित रेलवे नेटवर्क के लिए तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

# मध्य रेल द्वारा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 72 अतिरिक्त सेवाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1058 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की हैमध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1058 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 986 सेवाओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए 72 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगा। अतिरिक्त 72 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:

एलटीटी मुंबई-रक्सौल- एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

05558 विशेष दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को एलटीटी मुंबई से 07.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.50 बजे रक्सौल पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

05557 विशेष दिनांक 08.04.2025 से 24.06.2025 तक मंगलवार को 19.15 बजे रक्सौल से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05.50 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

ठहराव: कल्याण, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं.दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढी और बैरगनिया।

संरचनाः दो वातानुकूलित-2 टियर, छह वातानुकूलित-3 टियर, 07 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड की ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार।

एलटीटी मुंबई-सहरसा- एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

05586 विशेष दिनांक 13.04.2025 से 29.06.2025 तक प्रत्येक रविवार को 16.35 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 09.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

05585 विशेष दिनांक 11.04.2025 से 27.06.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 17.45 बजे सहरसा से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05.30 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

ठहराव: कल्याण, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, हसनपुर रोड, खगड़िया, मानकर और सिमरी भक्तियारपुर।

संरचनाः दो वातानुकूलित-2 टियर, छह वातानुकूलित-3 टियर, 07 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड की ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार।

एलटीटी मुंबई-धनबाद-एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

03380 विशेष दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 17:00 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 08.00 बजे धनबाद पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

03379 विशेष दिनांक 08.04.2025 से 24.06.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को 23.00 बजे धनबाद से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 14.15 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

ठहराव : कल्याण जं., मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी जं., पिपरिया, मदन महल, कटनी साउथ, ब्योहारी, बरगवान, सिंगरौली, चोपन, रेणुकूट, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, लातेहार, खलारी, पतरातू, बरका काना, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा और कतरासगढ़।

संरचनाः पांच वातानुकूलित-2 टियर, दस वातानुकूलित-3 टियर (इकोनॉमी), पांच वातानुकूलित -3 टियर और 2 जेनरेटर कार।

आरक्षणः विशेष ट्रेन सं. 05558, 05586 और 03380 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग दिनांक 05.04.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर खुलेगी।

सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए लागू अनारक्षित आवास के लिए सामान्य शुल्क के साथ यूटीएस के जरिए अनारक्षित कोचों के लिए टिकट बुक किए जा सकते हैं।

विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखें या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# अवैध विला प्रोजेक्ट पर चला बुलडोजर

गौतम बुद्ध नगर, प्राधिकरण ने गांव अच्छेजा में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित अच्छेजा गांव में रामायणम विला के नाम से एक अवैध प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर यह अवैध निर्माण हो रहा था।

मध्य रेल

ई-निविदा सूचना: CR-NGP-M-29 दिनांक 27/03/2025

**कार्य का नामः** "01 वर्ष की अवधि के लिए D3 अनुसूची के दौरान एलएचबी व्हील पर एड्डी करंट एरे (ईसीए) परीक्षण विधि द्वारा सतह दोष का पता लगाने का कार्य"। **कार्य का स्थानः** नागपुर और अजनी कोचिंग डिपो। **कार्य की अवधिः** एक वर्ष (बारह माह)। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 10,48,921.92. **निविदा दस्तावेज का मूल्यः** ₹ 21,000/-. **निविदा दस्तावेज का मूल्यः** कुछ नहीं. **निविदा बंद होने की अंतिम तारीख तथा समयः** 16/04/2025 को 16.00 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, नागपुर

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

Sai/NGP/08

# फिलिस्तीन का झंडा फहराने वालों पर एफआईआर

मेरठ, ईद की नमाज के बाद कुछ मुस्लिम युवक एक पोस्टर लेकर सड़क पर आ गए। पोस्टर पर लिखा था कि सड़कों पर सिर्फ मुस्लिम नमाज नहीं पढ़ते हैं। जिसके बाद पुलिस ने युवकों को वहां से हटा दिया। इसके अलावा युवकों ने फिलीस्तीन का झंडा भी फहराया था। पुलिस ने इस मामले में रेलवे रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस=बनारस के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन

| ट्रेन नं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवाओं की तिथियाँ | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09029 | बांद्रा टर्मिनस-बनारस (अनारक्षित विशेष) | 10.04.25 to 26.06.25 | 04:30 बजे (गुरुवार) | 06:30 बजे (अगले दिन) |
| 09030 | बनारस -बांद्रा टर्मिनस (अनारक्षित विशेष) | 11.04.25 to 27.06.25 | 09:30 बजे (शुक्रवार) | 12:15 बजे (अगले दिन) |
| हॉल्टः बोरीवली, बोईसर, वापी, भेस्तान, चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन। और ज्ञानपुर रोड स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
: facebook.com/WesternRly
: x.com/WesternRly
: instagram.com/Westernrly

आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएं

## दीवा और मुंब्रा इलाके में 27 अनाधिकृत नल कनेक्शन खंडित, अनाधिकृत टैंकर भरने के मामले में दो लोगों पर मामला दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,अनाधिकृत नल कनेक्शन के खिलाफ शुरू अभियान के दूसरे दिन दिवा और मुंब्रा इलाकों में 27 अनधिकृत नल कनेक्शन काटे गए।मनपा ने पहले दिन 29 नल कनेक्शन खंडित किए थे। अनाधिकृत रूप से टैंकर भरने के संबंध में दो मामले दर्ज किए गए हैं और अनाधिकृत नल कनेक्शन के संबंध में मामले दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। ठाणे मनपा के जल आपूर्ति विभाग ने दिवा और मुंब्रा क्षेत्रों में अनधिकृत नल कनेक्शन तोड़ने, अनधिकृत टैंकर फिलिंग स्टेशनों को हटाने के लिए प्रभागवार टीमों का गठन किया है। ऑपरेशन के दूसरे दिन, उन्होंने कल्याण फाटा से वाई जंक्शन तक 14 अनधिकृत वाणिज्यिक (दुकानें, स्टेशन) नल कनेक्शन काट दिए।जबकि 10 घरेलू अनाधिकृत नल कनेक्शन काट दिए गए। वाई जंक्शन से मुंब्रा-ग्लोबल नाला और अगासन गांव तक 13 आवासीय अनधिकृत नल कनेक्शन काट दिए गए। अगासन गांव में 6 नल और 4 टैंकर प्वाइंट साफ कर दिए गए और 6 पंप जब्त कर लिए गए। इसके साथ ही तीन अनाधिकृत टैंकर फिलिंग स्टेशनों को ध्वस्त कर दिया गया। उपनगरीय अभियंता विनोद पवार ने बताया कि इस कार्रवाई में पांच पंप जब्त किए गए। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने अनाधिकृत नल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।जिसके अनुसार अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे और नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा के मार्गदर्शन में, दिवा-अगासन क्षेत्र में अनधिकृत नल कनेक्शन को तोड़ने के लिए बुधवार को एक अभियान शुरू किया गया था। मुंब्रा-दिवा प्रभाग समिति और जल आपूर्ति विभाग व अतिक्रमण विभाग द्वारा भी संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है

# केंद्र में लंबित रोजगार गारंटी योजना की धनराशि राज्य को तत्काल उपलब्ध कराई जाए :भरत गोगवले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार की लंबित धनराशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। राज्य रोजगार गारंटी योजना मंत्री भरत गोगवले ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस आशय का अनुरोध किया है ।मंत्री गोगावले ने आज कृषि भवन में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री चौहान से मुलाकात की। इस दौरे के दौरान उन्होंने राज्य में रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी दी और लंबित धनराशि दिलाने की मांग की। इस बैठक में सर्वश्री सांसद श्रीरंग बारणे, डॉ. श्रीकांत शिंदे और संदीपन भुमरे उपस्थित थे। दौरे के बाद बोलते हुए गोगवले ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और



'विकसित भारत' की अवधारणा को गति देने के लिए रोजगार गारंटी योजना के तहत लंबित धनराशि की तत्काल आवश्यकता है।केंद्र सरकार ने मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने आश्वासन दिया है कि लंबित धनराशि कुशल तत्वों के लिए 2,600 करोड़ रुपये, केंद्र के पास लंबित अकुशल तत्वों (श्रम) के 1200 करोड़ रुपये इसी माह 10 से 12 अप्रैल तक राज्य को उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इसके साथ ही गोगवले ने कहा कि चौहान ने राज्य को सभी आवश्यक मदद और सहयोग का भी वादा किया है। यह फंड ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।ऐसा विश्वास गोगवले ने व्यक्त किये ।महाराष्ट्र को लगभग 10 करोड़ मानव दिवस की वित्तीय सहायता मिल रही है और इस वर्ष राज्य को रोजगार गारंटी के तहत 13.50 करोड़ मानव दिवस की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए गोगावले ने अनुरोध किया कि अगले वर्ष बजट में अधिक धनराशि उपलब्ध करायी जाये ।साथ ही रोजगार गारंटी मंत्री गोगावले ने यह भी मांग की कि रोजगार गारंटी योजना में व्यक्तिगत लाभ की सीमा 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए की जाए। गोगावले ने कहा कि केंद्रीय मंत्री चौहान ने आश्वासन दिया है कि इस मांग पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

फास्ट ट्रैक

## चाइनीज मांझे से वार्ड ब्वॉय की गर्दन में चोट

### शाहजहांपुर में बाइक की धीमी रफ्तार से बची जान, प्रतिबंधित मांझे पर अंकुश लगाने में नाकाम पुलिस

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में तैनात एक वार्ड ब्वॉय चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। थाना आरसी मिशन क्षेत्र के रेती मोहल्ले निवासी सतेंद्र यादव देर रात ड्यूटी के लिए बाइक से जा रहे थे। दलेलगंज के पास पहुंचते ही उनके ऊपर चाइनीज मांझा गिर गया। मांझा उनकी गर्दन में उलझकर बैठ गया। बाइक की रफ्तार धीमी होने के कारण उन्हें गंभीर चोट से बचा लिया। सतेंद्र ने बाइक रोककर मांझा हटाया और मेडिकल कॉलेज पहुंचकर अपना इलाज कराया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक कांस्टेबल की मौत हो चुकी है ।इसके बाद भी कई हादसे हुए हैं। घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई की थी। लेकिन समय के साथ यह कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई।



## दो बाइक की टक्कर

### 26 साल के युवक की मौत, दो घायल; मृतक मजदूरी कर परिवार चलाता था

शाहजहांपुर, दो बाइक की आपस में टक्कर होने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। निगोही थाना क्षेत्र के रखवापुर गांव का 26 वर्षीय जोगराज देर शाम रिश्तेदार के घर से लौट रहा था। स्थानीय विधायक कार्यालय के पास उसकी बाइक की टक्कर एक अन्य बाइक से हो गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों ने जोगराज को मृत घोषित कर दिया। बझेड़ा गांव के रोहित और ओमेंद्र का इलाज जारी है। दोनों दवा लेने के लिए बाइक से निकले थे। परिजनों के अनुसार, जोगराज मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## न्यायिक जांच और एसपी को हटाने की मांग

### भाकपा माले ने डीएम को दिया ज्ञापन, संदिग्ध हालात में दो मौतों का मामला

बलिया, हुई दो संदिग्ध हालात में मौतों के मामले में भाकपा माले ने गुरुवार को डीएम प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। पहला मामला नगरा थाना क्षेत्र का है, जहां 22 मार्च की रात पूजा चौहान की लाश 20 फुट ऊंचे जामुन के पेड़ पर दोनों हाथ बंधी हुई मिली थी। पुलिस बिना परिजनों को सूचित किए लाश ले गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने इसे आत्महत्या करार दे दिया।

## भ्रूण आत्मा अर्थात वैज्ञानिक भ्रूणविज्ञान विषय पर व्याख्यान पर सहज प्रतिक्रिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , नई पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए पालन-पोषण को भी उतना ही सक्षम बनाना होगा। गर्भवती महिला की सोच का असर शिशु पर पड़ता है।इसके लिए, गर्भवती माताओं को प्रतिदिन अपने बच्चे के साथ संवाद करना चाहिए, उनसे इस भावना के साथ बात करनी चाहिए कि वे अपने बच्चे को समझती हैं। अजन्मे बच्चे पर इसके प्रभाव को जाने बिना, मानवशक्ति केंद्र, लोनावला के जीवन दान साधक सुहास गुडहाते ने दर्शकों का मार्गदर्शन करते हुए यह बात कहा है। मनपा आयुक्त सौरभ राव, अपर आयुक्त 1 संदीप मालवी, अपर आयुक्त 2 प्रशांत रोडे के मार्गदर्शनानुसार ठाणे मनपा व मानवशक्ति प्रयोग केंद्र, लोनावला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'भ्रूण की भावना अर्थात वैज्ञानिक भ्रूणविज्ञान' विषय पर मार्गदर्शन किया गया।इसका आयोजन आज नरेंद्र बल्लाल ऑडिटोरियम में किया गया। इस समय उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्मितली वाघमारे, मातृ एवं शिशु देखभाल अधिकारी डॉ. वर्षा सासने, मनोज पाटिल, सुधाकर पाठक, जय प्रकाश वराडकर, मानवशक्ति प्रयोग केंद्र के साधक उपस्थित थे।इस कार्यक्रम को ठाणे मनपा के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच के लिए आने वाली गर्भवती माताओं से सहज प्रतिक्रिया मिली। भावविस्व या वैज्ञानिक प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में मार्गदर्शन करते हुए वक्ता सुहास गुडहाते ने बताया कि वैज्ञानिक प्रसवपूर्व देखभाल में गर्भावस्था के दौरान मां और उसके बच्चे के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए वैज्ञानिक रूप से आधारित मार्गदर्शन और उपाय शामिल हैं, ये उपाय बच्चे के बेहतर विकास में मदद करते हैं और मां के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। भावी माताओं को माता के गुणों को बढ़ाने और शिशु में गुणों को बढ़ाकर दोषों को कम करने का प्रयास करना चाहिए। गर्भावस्था प्रकृति द्वारा दी गई चीज है, इसलिए इसे लेकर कोई डर न रखें। प्राकृतिक प्रसव के लिए गर्भवती माताओं को नियमित रूप से व्यायाम करने की आवश्यकता होती है। साथ ही हल्के-फुल्के आसन भी करने चाहिए जिससे यह एहसास बना रहे कि प्राकृतिक प्रसव होगा। गर्भ में पल रहा बच्चा कई चीजों पर प्रतिक्रिया करता है, इसलिए गर्भवती माताओं को अच्छा संगीत सुनना चाहिए, इसका सीधा असर बच्चे पर पड़ता है।संगीत बच्चे के दाहिने मस्तिष्क को उत्तेजित करता है, जिससे दोनों मस्तिष्क संतुलित होते हैं। साथ ही संगीत सुनने से मां के मन में तनाव, चिंता और अवसाद भी कम होता है ।गर्भवती माताओं के घर का माहौल भी अच्छा होना चाहिए। भय, क्रोध, साहस, शांति ये स्वभाव के प्रकार हैं। सुहास गुडहाते ने मार्गदर्शन करते हुए यह भी बताया कि भय और क्रोध स्वाभाविक हैं और इन्हें नियंत्रित किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सा अधिकारी, आशा कार्यकर्ता, दाइयां शामिल हुईं।

## एम.टी.अग्रवाल हास्पिटल के निजीकरण के विरोध में विशाल मोर्चा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , मुलुंड की एम.टी.अग्रवाल मनपा हास्पिटल का पुनर्निमाण मुंबई मनपा द्वारा 300 करोड़ से भी अधिक खर्च कर 8वर्षों में बहुमंजिला बनवाया गया। परन्तु इमारत बनते ही उसके निजीकरण का प्रयास भाजपा सरकार के इशारे पर मुंबई मनपा प्रशासन द्वारा शुरू किये जाने के विरोध में महाविकास आघाड़ी कांग्रेस,शिवसेना यूबीटी,राकांपा शरदपवार द्वारा राकेश शेट्टी के नेतृत्व में विशाल मोर्चा निकाला गया। इस जनांदोलन में सामाजिक संस्थायें एकता एन .जी.ओ.,युवा ब्रिगेड एसोसिएशन,समता हाकर्स युनियन,कुणबी समाज विकास संघ,महानगरी मित्र मंडल सहित कई संस्थाओं के लोगों ने हिस्सा लेकर निजीकरण का विरोध किया। कांग्रेस नेता राकेश शेट्टी ने कहा है कि भाजपा की नीति चंदा दो, धंधा लो हम मुलुंड में नहीं चलने देंगे। इस प्रदर्शन मोर्चा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्राहम राय मणी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबूलाल सिंह,डॉ.आर.आर.सिंह,संतोष सोनावणे, विठ्ठल सातपुते, डा.सचिन सिंह,आदित्य गीते,अरविंद यादव,करुणानिधि,राजन उटवाल ,हेमकिरण जंगम ,नीता जोशी,संतोष सिंह,शरीफ खान,मैथ्यु चेरियन,राकांप अध्यक्ष अमित पाटील,मंगेश पवार,पुष्पा साक्री,शिवसेना उबाठा के मुलुंड के सभी शाखा प्रमुख एवं नेता दिनेश जाधव,चंद्रकांत शेलार,दलवी,अनिल शिंदे,प्रमिला घाणेकर,विनायक घाणेकर उपस्थित रहे। मोर्चे का एक प्रतिनिधि मंडल सहायक आयुक्त टी वार्ड को ज्ञापन देकर निजीकरण की किसी भी कार्यवाई का विरोध किया ।और चेतावनी दी की यदि एक सप्ताह के भीतर जवाब नहीं मिला तो टी वार्ड के समक्ष आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।



## क्षेत्र की लोगों के सुख समृद्धि के लिए श्री शतचंडी महायज्ञ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ) विश्वनाथ गंज - देल्हूपुर कलानी के श्री कल्याणी धाम पर ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी (पिंटू तिवारी) द्वारा आयोजित शतचंडी महायज्ञ में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही अनुष्ठान में शामिल होने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। मुख्य यजमान प्रसिद्ध समाजसेवी विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी (पिंटू तिवारी) सपत्नीक कन्यापूजन के पश्चात पूणार्हुति की, क्षेत्र के साथ साथ दूर दराज से आए सनातनी और हिंदुत्व के संवाहकों द्वारा बारी बारी से आहुतियां देने का सिलसिला जारी रहा। पिछले पांच दिनों से लगातार श्री कल्याणी धाम पर सनातनी परंपरा को बढ़ावा देने के लिए यह अनुष्ठान हुआ। प्रतिदिन इक्कीस विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्री शतचंडी पाठ के पश्चात आरती और रात में जागरण भजन कीर्तन लगातार चल रहा था। आरती के समय क्षेत्र के लोगों के साथ साथ प्रतिदिन राजनीति, समाजसेवा, पत्रकारिता और शासन प्रशासन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहते थे। लोगों ने बताया कि प्रसिद्ध समाजसेवी विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी क्षेत्र में सनातनी परंपरा और हिंदुत्व को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का धार्मिक अनुष्ठान आयोजित करते रहते हैं। लोगों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता होने के साथ साथ तमाम व्यस्तता के बावजूद हिंदुत्व के वास्तविक संवाहक विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम को लगातार करते रहते हैं। ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज की मैनेजर रीना तिवारी ने बताया कि इस श्री शतचंडी महायज्ञ के माध्यम से हम क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की माता रानी से प्रार्थना करते हैं। महाप्रसाद ग्रहण करने विभाग प्रचारक मिजार्पुर, विभाग कार्यवाहक हरीश जी, जिला प्रचारक प्रवीण , जिला कार्यवाहक हेमंत , कार्यवाहक कुंडा अजय , जिला संचालक कुंडा वसंत संगठन मंत्री विद्या भारती, मिजार्पुर के पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, ? ग्राम बरिस्ता के पूर्व राजेश सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने अंबरनाथ में राजमाता जिजाऊ और बाल राजे शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण किया

### सांसद डॉ .श्रीकांत शिंदे और आमदार डॉ . बालाजी किणीकर के सफल नेतृत्व और प्रयासों से।

### सुभाष सालुंके और सुवर्णा सालुंके का विकास कार्यों का सपना हुआ साकार।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके और संवाद फाउंडेशन की अध्यक्ष सुवर्णा सालुंके की विकासवादी सोच को अमलीजामा पहनाते हुए कल्याण लोकसभा के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे और स्थानीय आमदार डॉ.बालाजी किणीकर के योग्य मार्गदर्शन में नगर विकास विभाग की निधि से अंबरनाथ पूर्व स्थित गांवदेवी मैदान राष्ट्रमाता जिजाऊ बालोद्यान में जिजाऊ और बाल शिवाजी राजे की प्रतिमा अनावरण, गांवदेवी मैदान में संगीत और प्रकाशमान जॉगिंग ट्रेक, धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज व्यायामशाला, क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र, राष्ट्रमाता जिजाऊ बालोद्यान आदि का शिल्प अनावरण समारोह सोमवार की शाम को सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे के कर कमलों द्वारा किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल हुए बच्चों को पुरुस्कार वितरित किए गए। आए हुए समस्त अतिथियों और मान्यवरों का सुभाष सालुंके और सुवर्णा सालुंके ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## अंबरनाथ पश्चिम के संजय नगर की सड़क निर्माण को लेकर सोमेश्वर बंधुओं ने मुख्याधिकारी को दिया ज्ञापन

### पंद्रह दिन में प्रभावी कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जाएगा- विकास सोमेश्वर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ पश्चिम स्थित वार्ड क्रमांक 23 संजय नगर में सीसी रोड निर्माण में हो रही देरी और उससे आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं की समस्या के साथ साथ जावसाई परिसर में मुंब्रा,कलवा,कौसा आदि क्षेत्रों से आकर अनधिकृत आवास बनाकर रहने वाले लोगों और उनको प्रश्रय देने वाले अराजक तत्वों की समस्या को लेकर वरिष्ठ युवा शिवसैनिक विकास सोमेश्वर और अंबरनाथ पश्चिम युवा सेना उपशहर अधिकारी राहुल सोमेश्वर ने वार्ड रहवासियों के साथ बुधवार को अंबरनाथ नपा के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड से मिलकर अपनी समस्या से संबंधित ज्ञापन प्रस्तुत किया और उनसे निवेदन किया कि इस संदर्भ में कार्यवाही की जाए अन्यथा तीव्र जन आंदोलन किया जाएगा। बताते चले कि संजय नगर वार्ड क्रमांक 23 में स्थानीय आमदार डॉ.बालाजी किणीकर ने सीसी रोड के निर्माण के लिए लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व 1 करोड़ 20 लाख रुपए की निधि स्वीकृत की थी और इसका टेंडर दीक्षा कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया था। लेकिन अभी तक इस रास्ते का निर्माण न हो पाने की वजह से स्थानीय रहवासियों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन लोग इन गड्ढों की वजह से चोटग्रस्त हो जाते है। सोमेश्वर बंधुओं ने दिशा कंस्ट्रक्शन कंपनी को लापरवाही बरतने और कार्य अभी तक शुरू न करने के कारण ब्लैकलिस्ट करने की मांग की। सोमेश्वर बंधुओं ने तत्काल सड़क निर्माण कर लोगों को राहत प्रदान करने और नपा अधिकारियों द्वारा सभी के साथ समान व्यवहार करने और आम जनता के हितों का संरक्षण करने की मांग नपा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड से की है।

## अंबरनाथ नगरपालिका ने संपत्ति कर वसूली में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की।




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.अंबरनाथ नगरपालिका ने अपने नवनियुक्त मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड के दिशानिर्देशन में गृहकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कुशल कार्यप्रणाली से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए संपत्ति कर वसूली में 96.75 प्रतिशत कर वसूल कर एक उल्लेखनीय कार्य किया है।इस वसूली अभियान से नपा को 74.09 करोड़ रुपए कर के रूप में प्राप्त हुए हैं। विगत 3 महीनों से संपत्ति कर विभाग के इंचार्ज नरेंद्र शंखे के नेतृत्व में प्रशांत राणे, नवनीत देवरे और अन्य सहयोगी कर्मचारियों की कुशल कार्यप्रणाली और मेहनत से यह रिकॉर्ड वसूली संभव हो पाई है। संपत्ति कर वसूली के लिए 100 से भी अधिक कैंप लगाए गए थे और संपत्ति कर जमा न करने वाले 90 लोगों की संपत्ति को सील भी किया गया था ।शनिवार और रविवार को भी कार्यालय खोलकर संपत्ति करो को वसूला गया और साथ घर घर जाकर भी वसूली अभियान चलाया गया था।अंबरनाथ एक विकासशील औद्योगिक शहर है और संपत्ति कर नपा के राजस्व का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है जिससे विकास कार्यों को करने में मदद मिलती है। बाद में इन 90 लोगों ने संपत्ति कर जमा भी कर दिया था जिससे राजस्व में विशेष वृद्धि भी हुई थी।

## भाकियू के दो गुटों का अलग-अलग धरना

### भूमि विवाद और फर्जी मुकदमे को लेकर किसानों का प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुवायां में भारतीय किसान यूनियन के दो अलग-अलग गुटों ने धरना प्रदर्शन किया। भाकियू भानू के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने डाक बंगला पर एकत्रित होकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा पुवायां तहसील के ग्राम लालपुर जमी जेवां की भूमि का विवाद है। गाटा संख्या 119 और 82 के खातेदार दीना पुत्र झाऊ की मृत्यु हो चुकी है। वह अविवाहित थे और उनका कोई वारिस नहीं था। आरोप है कि गांव के हरिपाल पुत्र जयसुख ने जालसाजी कर फर्जी वारिस बनकर भूमि अपने नाम करा ली है। किसान नेताओं ने भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।दूसरी ओर, भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में मंडी परिषद में किसानों ने धरना दिया। उनकी मांग थी कि उनके कार्यकर्ता रक्षपाल पर पुवायां कोतवाली में दर्ज फर्जी मुकदमा निरस्त किया जाए। पुवायां तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी हरपाल सिंह बालियान ने कार्यकताओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन मांग पूरी न होने पर भारत सिंह यादव के नेतृत्व में किसान जिला मुख्यालय की ओर कूच कर गए।



## राष्ट्रवादी पार्टी का प्रदर्शन




### पुरानी पेंशन बहाली और संविदाकर्मियों को स्थाई करने समेत कई मांगें रखीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं।राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई। उत्तर प्रदेश के सभी संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग भी शामिल है। पदाधिकारियों ने आवास योजना में गड़बड़ी का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि ग्राम पंचायतों में गरीब और पात्र व्यक्तियों को सरकारी आवास नहीं मिल पा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पर ग्राम प्रधान और सचिव का नियंत्रण है।इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। पार्टी ने गर्मी के मौसम में हर नगर व महानगर के चौराहों पर शीतल जल की व्यवस्था करने की मांग की। आवारा पशुओं की समस्या पर भी ध्यान दिलाया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार ने आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए अतिरिक्त धन दिया


### भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया

## ट्रम्प बोले- मोदी अच्छे दोस्त, लेकिन टैरिफ पर व्यवहार ठीक नहीं; बदलाव 9 अप्रैल से लागू होगा

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात भारत पर 26% टैरिफ (रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ) लगाने का ऐलान किया। ट्रम्प ने कहा- भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसके अलावा दूसरे देशों से अमेरिकी में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे।बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।ट्रम्प के जैसे को तैसा टैरिफ की घोषणा के बाद भारत की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वह 26% टैरिफ के प्रभाव का आकलन कर रहा है।एक अधिकारी ने कहा कि इस टैरिफ का कुछ क्षेत्रों पर असर होगा लेकिन भारत की इकोनॉमी इसे झेल सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन में ऐसे प्रावधान हैं कि अगर भारत अमेरिका की चिंताओं को दूर करता है, तो टैरिफ में कुछ छूट मिल सकती है। भारत इस दिशा में कदम उठाने पर विचार कर रहा है।चीनः वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का यह एकतरफा और धमकाने वाला कदम है। उन्हें तुरंत अपने एकतरफा टैरिफ को रद्द करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता तो चीन भी जबावी कदम उठाएगा। यूरोपीय संघ (एव): ईयू की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयन ने कहा कि ट्रम्प का कदम वर्ल्ड इकोनॉमी के लिए बड़ा झटका है। इससे अनिश्चितता बढ़ेगी और ग्लोब्लाइजेशन का मकसद कमजोर होगा।कनाडाः पीएम कार्नी ने कहा कि हम अपने मजदूरों की रक्षा करेंगे और ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ का जवाब देंगे। ब्राजीलः संसद ने सर्वसम्मति से एक पारस्परिकता विधेयक पारित किया, जिससे सरकार को जवाबी टैरिफ लगाने का अधिकार मिल गया है।ब्राजील सरकार ने टैरिफ के मुद्दे को हळ्ड में लेकर जाने की बात कही है। ऑस्ट्रेलियाः ऑस्ट्रेलिया ने टैरिफ को ₹तर्कहीन₹ बताया है, लेकिन तत्काल जवाबी टैरिफ से इनकार किया।पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि 10% टैरिफ का कोई मतलब नहीं है। यह दोस्त का सही कदम नहीं है। डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ के ऐलान के बाद व्हाइट हाउस ने भारत पर अनोखे प्रमाण पत्र मांगने का आरोप लगा दिया है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा है कि भारत रसायन, दूरसंचार उत्पादों और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में उलझाने वाले प्रमाण पत्र मांगता है, जिनके चलते अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में अपने उत्पाद बेचने मुश्किल हो जाते हैं। व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा है कि 'भारत रसायन, दूरसंचार उत्पादों और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में बोझिल और अनोखे परीक्षण और प्रमाणन आवश्यकताओं को लागू करता है, जो अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में अपने उत्पादों को बेचना या तो मुश्किल हो जाता है या फिर महंगा हो जाता है।




# बांग्लादेश में चीन का एयरबेस और पाकिस्तानी कंपनी को ठेका...

## मोहम्मद यूनुस की जिनपिंग से 'खतरनाक' अपील, भारत की बढ़ेगी टेंशन!

एजेंसी

ढाकाः बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की हाल ही में चीन का दौरा किया है। यूनुस ने चीन दौरे पर कई ऐसे बयान दिए हैं, जो चर्चा में हैं और भारत की चिंता को बढ़ाने वाले हैं। यूनुस ने पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा पर बयान दिया है तो चीन को बांग्लादेश में एयरबेस स्थापित करने का न्योता भी दे दिया है। ये सीधेतौर पर भारत की रणनीतिक स्थिति को चुनौती देगा। यूनुस ने चीन से तीस्ता नदी के जल प्रबंधन में दीर्घकालिक सहायता मांगी है। इस बीच पाकिस्तानी विदेश मंत्री और विदेश सचिव भी बांग्लादेश का दौरा करने वाले हैं। बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान के बीच संबंधों को लेकर भारत की चिंताएं बढ़ गई हैं। यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मोहम्मद यूनुस के अनुरोध के बाद चीन ने बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में एक एयरबेस बनाने की हामी भरी है। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो एयरबेस बनाने की प्रक्रिया इस साल अक्टूबर तक शुरू हो सकती है। एक पाकिस्तानी कंपनी एयरबेस परियोजना के लिए ठेकेदार के रूप में काम करेगी। हालांकि इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। अगर चीन और पाकिस्तान मिलकर लालमोनिरहाट में बेस बनाते हैं तो ये निश्चित ही भारत के लिए रणनीतिक तौर पर बड़ा झटका होगा। मोहम्मद यूनुस की ओर से चीन यात्रा के दौरान दिए गए बयानों ने भी भारत में चिंता पैदा की है। यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर के सात राज्यों पर कहा कि बांग्लादेश ही इस पूरे क्षेत्र (पूर्वोत्तर भारत) के लिए समुद्र का रक्षक है। इससे चीन के लिए एक बड़ी संभावना खुलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने यूनुस की टिप्पणियों पर सवाल किया कि यूनुस चीन से इस आधार पर सार्वजनिक अपील कर रहे हैं कि भारत के 7 राज्य उनसे घिरे हुए हैं तो ये चिंता पैदा करता है। यूनुस ने चीन से नदी जल प्रबंधन में 50 साल का सहायता पैकेज देने का आग्रह किया है। यूनुस ने कहा कि चीन जल प्रबंधन का मास्टर है और ढाका चीनी विशेषज्ञता से सीखने में रुचि रखता है। इस चर्चा का मुख्य विषय तीस्ता नदी थी, जिसे बांग्लादेश भारत के साथ साझा करता है।



> बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनुस ने चीन को अपने देश में एयरबेस निर्माण के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि इससे चीन के लिए नए आर्थिक अवसर खुल सकते हैं। दोनों देशों के इस सहयोग से भारत की रणनीतिक स्थिति पर बुरा असर पड़ सकता है।

# चीन-भारत साझेदारी का सही समय

## ट्रंप के टैरिफ के बाद जिनपिंग ने पीएम मोदी को भेजा लेटर, जानें क्या कहा

> चीन के राष्ट्रपति ने कहा है कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग की बहुत बड़ी क्षमता है। सवाल ये है कि चीन का इरादा क्या है और इस बाबत भारत को क्या रुख अपनाना चाहिए? चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत को पत्र लिखा है। चीन की तरफ से भारत को कूटनीतिक संबंध के 75 वर्ष होने पर पत्र लिखा गया है।



एजेंसी

अमेरिका की तरफ से जहां दुनियाभर के देशों पर टैरिफ का ऐलान किया गया है। इसका असर भारत, चीन समेत कई यूरोपीय देशों पर सीधा पड़ेगा। वहीं अब ट्रंप के इस कदम के बाद बारी उनके कट्टर दुश्मन शी जिनपिंग की थी। चीन ने एक बड़ा दांव खेला है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि ये चीन और भारत दोनों के साझेदार बनने का सही समय है। शी जिनपिंग ने कहा है कि दोनों देशों को अपनी दोस्ती को औ मजबूत करना चाहिए। चीन के राष्ट्रपति ने कहा है कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग की बहुत बड़ी क्षमता है। सवाल ये है कि चीन का इरादा क्या है और इस बाबत भारत को क्या रुख अपनाना चाहिए? चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत को पत्र लिखा है। चीन की तरफ से भारत को कूटनीतिक संबंध के 75 वर्ष होने पर पत्र लिखा गया है। कई बार ये कहा जाता है कि चीन की कथनी और करनी में अंतर होता है। चीन की बातें मत सुनो चीन जमीन पर क्या कर रहा है, उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। दरअसल, भारत डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से निपटने के लिए एक के बाद एक कई कूटनीतिक कदम उठा रहा है। दूसरी तरफ चीन चाश्नी में भरे शब्दों का इस्तेमाल कर भारत को अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रहा है। लेकिन आपको याद रहे कि भारत ने ये साफ कर दिया है कि जब तक सीमाएं शांत नहीं होती, तब तक ये रिश्ता आगे नहीं बढ़ सकता। भारत अमेरिका और चीन के बीच तनाव में कोई जल्दबाजी बिल्कुल नहीं दिखा रहा है। भारत वेट एंड वॉच की नीति अपना रहा है। भारत जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय देशों के साथ रिश्तों को और मजबूत कर रहा है। चीन पर निर्भरता को कम कर अपनी आत्मनिर्भरता को और बढ़ा रहा है। सप्लाई चेन मैनेजमेंट में भारत एक बहुत बड़ी शक्ति के रूप में उभरने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। चीन भारत व्यापार अब तक चीन के ही पक्ष में रहा है। चीन के राजदूत झू फियांग ने कहा है कि व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए भारत से ज्यादा प्रोडक्ट्स आयात करेंगे। बता दें कि अभी भारत चीन से ज्यादा आयात करता है।

चीन, जापान और दक्षिण कोरिया ने हाथ मिलायाः चीन, जापान और दक्षिण कोरिया ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की बड़ी तैयारियां शुरू कर दी हैं। ये तीनों देश ट्रम्प के 3 अप्रैल से लागू होने वाले 25% ऑटो टैरिफ से मुख्य रूप से प्रभावित होने वाले हैं। लेकिन इस मौके का फायदा उठाकर भारत को व्यापार संतुलन बनाने और कूटनीति को अपनी दिशा में आगे बढ़ाने का बहुत सुनहरा मौका मिल चुका है। चीन भारत को अमेरिका से दूर करना चाहता है। लेकिन चीन की इस चाल को भारत अच्छी तरह से समझता है। अमेरिका से रणनीतिक रिश्ते मजबूत करते हुए भारत ने चीन से सतर्क दूरी बनाई हुई है।

# गाजा को 2 भागों में बांटने में जुटी इजरायली सेना

## आईडीएफ के हमले में 50 फिलिस्तीनियों की मौत, नेतन्याहू ने बताया मोराग प्लान

एजेंसी

तेलअवीवः इजरायल की सेना ने गाजा में व्यापक सैन्य अभियान को फिर से शुरू किया है। इजरायल गाजा में एक लंबे और व्यापक अभियान की तैयारी कर रहा है। इजरायली सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इजरायली सेना दो समानांतर अभियान चलाने जा रही है। एक उत्तरी गाजा में और दूसरा गाजा के मध्य इलाके में। इस ताजा अभियान का उद्देश्य यह है कि पूरे गाजा को दो हिस्सों में बांट दिया जाए। एक इलाका वह जहां पर हमास का प्रभाव कम है। वहीं दूसरा इलाका वह जहां पर हमास के आतंकियों का प्रभाव काफी ज्यादा है। इसके जरिए इजरायली सेना गाजा पर अपने नियंत्रण को मजबूत करने जा रही है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि इजरायल गाजा में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है। उन्होंने एक बयान में इसे मोराग गलियारा बताया। राफा और खान यूनिस के बीच स्थित एक यहूदी बस्ती के नाम पर यह गलियारा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों दक्षिणी शहरों के बीच यह गलियारा बनाया जाएगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा है कि गाजा पट्टी में बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करने के उद्देश्य से इजराइल अपने सैन्य अभियान का विस्तार कर रहा है। नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल का लक्ष्य हमास को कुचलने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद गाजा पट्टी पर खुला, लेकिन अनिर्दिष्ट सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखना है। गाजा पट्टी में बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए इजरायल वहां अपने सैन्य अभियान का विस्तार कर रहा है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने बुधवार को यह जानकारी दी।



# 'देश को बांटने के लिए भाजपा ने पेश किया वक्फ (संशोधन) विधेयक ', ममता का दावा, नई सरकार बनेगी तो...



> बनर्जी ने बुधवार को एक बयान में भाजपा की उसके विभाजनकारी एजेंडे के लिए आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरे सांसद वक्फ मुद्दे पर बोलने के लिए दिल्ली में हैं। 'जुमला पार्टी' का केवल एक ही एजेंडा है - देश को बांटना। वे 'फूट डालो और राज करो' में विश्वास करते हैं।

एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने देश को बांटने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा नीत सरकार हटेगी और नई सरकार बनेगी तो (इस) वक्फ विधेयक को रद्द करने के लिए संशोधन किया जाएगा। बनर्जी ने बुधवार को एक बयान में भाजपा की उसके विभाजनकारी एजेंडे के लिए आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरे सांसद वक्फ मुद्दे पर बोलने के लिए दिल्ली में हैं। 'जुमला पार्टी' का केवल एक ही एजेंडा है - देश को बांटना। वे 'फूट डालो और राज करो' में विश्वास करते हैं।ममता बनर्जी ने रामनवमी की योजना पर भी भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा, ₹केंद्र ने गरीबों के लिए सभी काम बंद कर दिए हैं। फिर केंद्र सरकार क्यों है? क्या यह एक नया धर्म शुरू करने के लिए है जिसमें रामकृष्ण, स्वामी विवेकानंद और हमारे वेद शामिल नहीं हैं? क्या यह लोगों, देश को विभाजित करने और दंगे भड़काने के लिए है?₹ उन्होंने लोगों से आग्रह किया, ₹मैं सभी धर्मों से आग्रह कर रही हूं। अपने त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं। दंगा न करें और दंगा भड़काने की कोशिश भी न करें। आप दंगा भड़काने के लिए कुछ नहीं कर सकते। हम कार्रवाई करेंगे।ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्य सरकार के मुख्यालय नबान्न में एक सम्मेलन आयोजित किया। वहां उन्होंने कहा, ₹मैं इसका कड़ा विरोध करती हूं। मैं (केंद्र से) इस फैसले को वापस लेने का अनुरोध करती हूं। हम 4 और 5 अप्रैल को शाम 4 से 5 बजे तक राज्य भर के हर ब्लॉक और हर नागरिक वार्ड में विरोध रैलियां और बैठकें करेंगे। मैं आम लोगों से विरोध करने का आग्रह करूंगी। अन्यथा केंद्र का यह एकतरफा फैसला स्वास्थ्य पर भारी पड़ेगा।इसके बाद उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा, ₹अपनी 'जुमलेबाजी' को रोकने के लिए केंद्र सरकार को और कितने पैसे की जरूरत है। लोगों को अपने मेडिक्लेम में जीएसटी क्यों देना पड़ रहा है। गरीब लोग कहां जाएं। हम दवाइयों की कीमतों में बढ़ोतरी को बर्दाश्त नहीं कर सकते। मैं पार्टी के सांसदों से भी इसका विरोध करने का अनुरोध करती हूं। वे आज वक्फ बिल का विरोध कर रहे हैं। केंद्र सरकार हमारे संविधान का सम्मान नहीं कर रही है।

# तेलंगाना में 400 एकड़ में फैले कांचा गचीबावली जंगल को काटने पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, प्रोटेस्ट पर उतरे हैं छात्र

> तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में व्यापक वनों की कटाई दिखाई गई। सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्षों की समीक्षा करने के बाद, पेड़ों को हटाने के पीछे की जल्दबाजी पर सवाल उठाया और राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा कि क्या उचित पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त की गई थी।



एजेंसी

सर्वोच्च न्यायालय ने हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास कांचा गाचीबोवली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का स्वतः संज्ञान लिया और तेलंगाना के मुख्य सचिव को सरकार की कार्रवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह बनाया। गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, न्यायालय ने मौजूदा पेड़ों की सुरक्षा को छोड़कर, क्षेत्र में सभी गतिविधियों को रोक दिया और चेतावनी दी कि अनुपालन न करने पर सख्त परिणाम भुगतने होंगे। अदालत ने विशेष रूप से इस बात पर जवाब मांगा कि क्या पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) प्रमाण पत्र जारी किया गया था और क्या इतने बड़े पैमाने पर विनाश करने से पहले वन अधिकारियों से अपेक्षित अनुमति ली गई थी।

तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में व्यापक वनों की कटाई दिखाई गई। सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्षों की समीक्षा करने के बाद, पेड़ों को हटाने के पीछे की जल्दबाजी पर सवाल उठाया और राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा कि क्या उचित पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त की गई थी। अदालत ने विशेष रूप से इस बात पर जवाब मांगा कि क्या पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) प्रमाण पत्र जारी किया गया था और क्या इतने बड़े पैमाने पर विनाश करने से पहले वन अधिकारियों से अपेक्षित अनुमति ली गई थी। अदालत ने पूछा इन गतिविधियों को शुरू करने की क्या मजबूरी थी? इस बात पर जोर देते हुए कि क्षेत्र में मोर और अन्य वन्यजीवों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि यह एक वनाच्छादित आवास है। अदालत में पेश किए गए फोटोग्राफिक साक्ष्यों से पता चला कि लगभग 100 एकड़ में भारी मशीनरी तैनात करके जमीन के बड़े हिस्से को साफ कर दिया गया। अदालत का निर्देश स्पष्ट थाः अगले आदेश तक, क्षेत्र में सभी गतिविधियाँ बंद होनी चाहिए, और इसका पालन न करने पर मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

# हाईकोर्ट का अहम फैसला; महिलाओं के अश्लील वीडियो वायरल करना समाज के लिए गंभीर खतर

### पुलिस की खराब जांच भी चिंताजनक

> मंगलवार को अपने एक आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि महिलाओं के अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करना और उनको स्टोर करना समाज के लिए खतरनाक है.



एजेंसी

प्रयागराजः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को अपने एक अहमद आदेश में कहा कि सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्म पर महिलाओं के अश्लील वीडियो को पोस्ट करना और उनको स्टोर करना समाज के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है. अदालत ने इसको लेकर चिंता जताई.हाईकोर्ट ने आईटी से संबंधित अपराधों और साइबर अपराधों की खराब जांच पर भी चिंता जताते हुए कहा कि जांच में कमियों की वजह से भी यह समस्या बढ़ी हैं. कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराधों की उचित जांच करने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति अजय भनोट ने मांगे उर्फ रवींद्र को जमानत अर्जी खारिज करते हुए यह आदेश दिया.बुलंदशहर के खुर्जा नगर थाने में आरोपी मांगे उर्फ रवींद्र पर रेप और पाक्सो सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था. वह 12 नवंबर 2023 से जेल में है. ट्रायल कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी खरिज कर दी है. इस आदेश के विरुद्ध उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी.कोर्ट ने कहा कि याची पर पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाने और दुष्कर्म करने का आरोप है. कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत नामंजूर कर दी. साथ ही ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि एक माह के भीतर मुकदमे को निस्तारित किया जाए.

# वक्फ संशोधन बिल पास होने पर मुख्यमंत्री स्टालिन ने विधेयक को सुप्रीम कोट में चुनौती देने की खाई कसम

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध किया और इसे भारत के संवैधानिक ढांचे पर हमला बताया

> स्टालिन के भाषण के बाद विधानसभा के कई सदस्यों ने इस मामले पर अपने विचार व्यक्त किए. भाजपा विधायक नैनार नागेंद्रन ने प्रस्ताव का विरोध किया और विरोध में वॉकआउट की घोषणा की. डीएमके अपने रुख पर अड़ी हुई है कि वक्फ संशोधन विधेयक का न केवल विरोध किया जाना चाहिए बल्कि इसे पूरी तरह से निरस्त किया जाना चाहिए. पार्टी ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा और भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बनाए रखने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया है.

एजेंसी

चेन्नईः तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हाल ही में लोकसभा में पारित वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि उनकी पार्टी डीएमके इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी और इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी. उन्होंने धार्मिक सद्भाव और मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए विधेयक की आलोचना की.तमिलनाडु विधानसभा को संबोधित करते हुए स्टालिन ने सदन को याद दिलाया कि 27 मार्च 2025 को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें केंद्र सरकार से विधेयक वापस लेने का आग्रह किया गया था. हालांकि इसमें भारतीय जनता पार्टी को शामिल नहीं किया गया था.कड़े विरोध के बावजूद बिल पासस्टालिन ने बताया कि भारतभर में प्रमुख राजनीतिक दलों के कड़े विरोध के बावजूद विधेयक को लोकसभा में पारित कर दिया गया. कुल 232 सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जो एक महत्वपूर्ण संख्या है जो व्यापक असंतोष को दशार्ती है. हालांकि, 288 सांसदों के पक्ष में मतदान करने के साथ, विधेयक को पारित कर दिया गया, जिससे गंभीर चिंताएं पैदा हुई.मुख्यमंत्री ने सुबह-सुबह विधेयक के पारित होने की निंदा की, इसे भारत के संवैधानिक ढांचे पर हमला और सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने वाला कृत्य बताया. विरोध के प्रतीक के रूप में, ऊटङविधायकों ने विधानसभा सत्र के दौरान काले बैज पहने.



स्टालिन ने विधेयक को कानूनी तरीकों से लड़ने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की कसम खाई. उन्होंने केंद्र सरकार पर वक्फ बोर्डों की स्वायत्तता को कमजोर करने और मुस्लिम समुदाय में भय का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, ₹तमिलनाडु सरकार इस कानून का विरोध करेगी और कानूनी लड़ाई के जरिए जीत सुनिश्चित करेगी. हम संवैधानिक अधिकारों पर हमले को अनियंत्रित नहीं होने देंगे.

